(ख) गाथा नं० २, ४, ६ एवं १३ का अर्थ समझाकर लिखिए।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

पाठ 30 : कवि-अणुभूई

पाठ-परिचय :

प्राकृत के महाकाव्यों में **गउडवहो** का प्रमुख स्थान है। महाकवि **वाक्पतिराज** ने ई० सन् ७६० के लगभग इस महाकाव्य की रचना की थी। इसे ऐतिहासिक काव्य भी कहा जाता है। इस काव्य में यशोवर्मा की विजय के वर्णन के अतिरिक्त जीवन के अन्य पक्षों का भी वर्णन है। गउडवहो में प्राप्त वाक्पतिराज की लोक-अनुभूतियों को प्रोफेसर डॉ० कमलचन्द सोगाणी ने अपनी पुस्तक **वाक्पतिराज की लोकानुभूति** में संग्रहीत किया है। उन्हीं गाथाओं में से इस पाठ की गाथाएँ चयनित की गयी हैं।

इन गाथाओं में कहा गया है कि कवि की वाणी में सभी तत्त्व विद्यमान हैं। उसी से वह गौरव प्राप्त करता है। काव्यतत्त्व के रसिक को सुख-दुख बराबर होते हैं। निन्दा और प्रशंसा में वह विचलित नहीं होता। दूसरों के गुणों को ग्रहण करना और उनके कल्याण में प्रवृत्त होना ही जीवन की सार्थकता है। मनुष्य का व्यवहार उसके गुणों को प्रगट करने वाला होता है, इत्यादि।

इह ते जअन्ति कइणो जअमिणमो जाण सअल-परिणामं।
वाआसु ठिअं दीसइ आमोअ-घणं व तुच्छं व ॥१॥

णिअआएच्चिअ वाआए अत्तणो गारवं णिवेसन्ता।
जे एन्ति पसंसच्चिअ जअन्ति इह ते महा-कइणो ॥२॥

दोग्गच्चम्मि वि सोक्खाइं ताण विहवे वि होन्ति दुक्खाइं।
कव्व-परमत्थ-रसिआइं जाण जाअन्ति हिअआइं ॥३॥

सोहेइ सुहावेइ अ उवहुज्जन्तो लवो वि लच्छीए।
देवी सरस्सई उण असमग्गा किं पि विणडेइ ॥४॥

लग्गिहिइ ण वा सुअणे वयणिज्जं दुज्जणेहिं भण्णंतं।
ताण पुण तं सुअणाववाअ-दोसेण संघडइ ॥५॥

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

जाण असमेहिं विहिआ जाअइ णिन्दा समा सलाहा वि ।
णिन्दा वि तेहिं विहिआ ण तारण मण्णे किलामेइ ।।६।।

बहुओ सामण्ण-मइत्तणेण ताणं परिग्गहे लोओ ।
कामं गआ पसिद्धिं सामण्ण-कई अओच्चेअ ।।७।।

हरइ अणू वि पर-गुणो गरुअम्मि वि णिअ-गुणे ण संतोसो ।
सीलस्स विवेअस्स अ सारमिणं एत्तिअं चेअ ।।८।।

इअरे वि फुरन्ति गुणा गुरूण पढमं कउत्तमासंगा ।
अग्गे सेलग्ग-गआ इंदु-मऊहा इव महीए ।।९।।

णिव्वाडंताण सिवं सअलं चिअ सिवअरं तहा ताण ।
णिव्वडइ किं पि जह ते वि अप्पणा विम्हअमुवेन्ति ।।१०।।

माहप्पे गुण-कज्जम्मि अगुण-कज्जे णिबद्ध-माहप्पा ।
विवरीअं उप्पत्तिं गुणाण इच्छन्ति कावुरिसा ।।११।।

जह जह णग्घन्ति गुणा जह जह दोसा अ संपइ फलन्ति ।
अगुणायरेण तह-तह गुण-सुण्णं होहिइ जअं पि ।।१२।।

साहीण-सज्जणा वि हु णीअ-पसंगे रमन्ति काउरिसा ।
सा इर लीला जं काअ-धारणं सुलह-रअणाण ।।१३।।

ववहारेच्चिअ छायं णिएह लोअस्स किं व हिअएण ।
तेउग्गमो मणीण वि जो बाहिं सो ण भंगम्मि ।।१४।।*

ooo

* 'वाक्पतिराज की लोकानुभूति' -सं०- डॉ० कमलचन्द सोगाणी (की पाण्डुलिपि) एवं 'गउडवहो' -सं०- प्रो० एन० जी० सूरु, से उद्धृत । गाथानुक्रम-१/६२, २/६३, ३/६४, ४/६८, ५/७०, ८/७३, ९/७५, १०/७६, ११/७७, १२/७८, ४१/८९४, ४५/९०२, ५८/९१७ एवं ८४/९६३ ।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

अभ्यास

१. शब्दार्थ :

सग्रल	= सभी	परिणाम	= अभिव्यक्ति	जग्र	= जग
घणं	= पूर्ण	तुच्छं	= तिरस्कारयोग्य	गारव	= गौरव
दोग्गच्च	= निर्धनता	असमग्ग	= अपूर्ण	वयणिज्ज	= निन्दा
सलाहा	= प्रशंसा	मऊह	= किरण	सिव	= कल्याण
काग्र	= कांच	सुलह	= प्राप्त	छाया	= प्रतिबिम्ब

२. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

(क)	शब्दरूप	मूलशब्द	विभक्ति	वचन	लिंग
	जाण	.....	.....	.....	.....
	कइणो	.....	.....	.....	.....
	लच्छीए	.....	.....	.....	.....
	हिअआइं	.....	.....	.....	.....
	महीए	.....	.....	.....	.....
	गुणाण	.....	.....	.....	.....
	मणीण	.....	.....	.....	.....
	सा	.....	.....	.....	.....

(ख)	संधिवाक्य	विच्छेद	संधिकार्य
	जअमिणमो	.....+.....	.....
	सारमिणं	.....+.....	.....
	सुअणाववाअ	.....+.....	.....
	तेउग्गमो	.....+.....	.....
	विम्हअमुवेन्ति	.....+.....	.....

(ग)	समासपद	विग्रह	समासनाम
	इंदुमऊहा	.....+.....	.....
	गुणकज्जम्मि	.....+.....	.....
	काअधारणं	काअं+धारणं	द्वि० त०

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

(घ)	क्रियारूप	मूलक्रिया	काल	पुरुष	वचन
	दीसइ	.....	.....	.....	.....
	जअन्ति	.....	.. ....	....	....
	विणडेइ	... .	.....	.....	.....
	लग्गिहिइ	.....	.....	. ....	.....
	फुरन्ति	....	.....	.....	... .
	होहिइ	.....	.....	.....	.....
	णिएह	णिअ	.....	.... ..	... .

(ङ)	कृदन्तरूप	अर्थ	पहिचान	मूलक्रिया	प्रत्यय
	णिवेसंता	स्थापित करते हुए	व०कृ०	णिवेस	न्त
	उवहुज्जंतो	उपभोग किया	व०कृ०	उवहुज्ज	न्त
	भण्णंत	कही जाती हुई	व०कृ०	भण्ण	न्त

३. वस्तुनिष्ठ प्रश्न :

सही उत्तर का क्रमांक कोष्ठक में लिखिए :

१. निर्धनता में सुख और वैभव में दुख प्राप्त करते हैं —

(क) राजा लोग (ख) दार्शनिक

(ग) काव्य तत्त्व के रसिक (घ) साधु [ ]

२. सामान्य बुद्धि के कारण प्रसिद्ध होते हैं —

(क) सामान्य लोग (ख) सामान्य कवि

(ग) महाकवि (घ) निर्गुण व्यक्ति [ ]

४. लघुत्तरात्मक प्रश्न :

प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए :

१. लक्ष्मी और सरस्वती में क्या अन्तर है ?

२ शील और विवेक का सार क्या है ?

३. अगुणों का आदर करने से क्या होगा ?

५. निबन्धात्मक प्रश्न एवं विशदीकरण :

(क) कवि के अनुभवों को अपने शब्दों में लिखिए।

(ख) गाथा नं० १०, १२ एवं १४ का अर्थ समझाकर लिखिए।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

पाठ 31 : पाइय-अहिलेहो

पाठ-परिचय :

भारतवर्ष में लिखित सामग्री के सबसे प्राचीन अवशेष शिलालेख हैं। उपलब्ध शिलालेखी साहित्य में सम्राट अशोक के शिलालेख सबसे प्राचीन हैं, जो प्राकृत (गद्य) में लिखे गये हैं। उसके बाद सम्राट खारवेल, सातवाहन राजाओं, पहलव नरेशों आदि ने प्राकृत भाषा का उपयोग शिलालेखों, मुद्राओं आदि में किया है। उसी परम्परा में प्रतिहार वंश के राजा 'कक्कुक' का प्राकृत शिलालेख जोधपुर से ३० किलोमीटर उत्तर की ओर घटयाल नामक गाँव में प्राप्त हुआ है। इसे वि० सं० ९१८ (ई० सन् ८६१) में लिखाया गया था।

इस शिलालेख में राजा कक्कुक ने जनता के हित के लिए जो कार्य किये थे, उनका उल्लेख है। प्राकृत भाषा एवं साहित्य की दृष्टि से भी राजस्थान के इस प्राकृत शिलालेख का महत्त्व है। पूरे शिलालेख में १ से २३ गाथाएँ हैं। उनमें से ६ से १८ गाथाएँ प्रस्तुत पाठ में उद्धृत हैं।

सिरि भिल्लुअस्स तणुओ सिरिकक्को गुरुगुणेहि गारविओ।
अस्स वि कक्कुअ नामो दुल्लहदेवीए उप्पणो ॥६॥

ईसि विआसं हसिअं महुरं भजिअं पलोइअ सोम्मं।
णमय जस्स ण दीणं रोसो थेओ थिरा मेत्ती ॥७॥

णो जंपिअं ण हसिअं ण कयं ण पलोइअं ण संभरिअं।
ण थिअं ण परिब्भमिअं जेण जणे कज्ज-परिहीणं ॥८॥

सुत्था दुत्थ वि पया अहमा तह उत्तिमा वि सोक्खेण।
जेणणि व्व जेण धरिआ णिच्चं णिय मंडले सव्वा ॥९॥

उवरोह रामअच्छर लोहेहि इ णायवज्जिजं जेण।
ण कओ दोण्ह विसेसो ववहारे कवि मणयं पि ॥१०॥

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

दिअवर दिण्णाणुज्जं जेण जण य रंजिऊण सयलं पि ।
णिमच्छरेण जणिअं दुट्ठाण वि दंडणिट्ठवणं ।।११।।

धणरिद्ध समिद्धाण वि पउराणं निअकरस्स अब्भहिअं ।
लक्ख सयं च सरिसन्तणं च तह जेण दिट्ठाइं ।।१२।।

णव-जोव्वण-रूअपसाहिएण सिंगार-गुण-गरुक्केण ।
जणवय णिज्जमलज्ज जेण जणे णेय संचरियं ।।१३।।

बालाण गुरु तरुणाण सही तह गयवयाण तणओ व्व ।
इय सुचरिएहि णिच्चं जेण जणो पालिओ सव्वो ।।१४।।

जेण णमंतेण सया सम्माणं गुणथुई कुणंतेण ।
जंपंतेण य ललिअं दिण्णं पणईण धण-निवहं ।।१५।।

मरु-माउ-वल्ल-तमणी-परिअंका-मज्ज-गुज्जरत्तासु ।
जणिओ जेन जणाणं सच्चरिअगुणेहि अणुराहो ।।१६।।

गहिऊण गोहणाइं गिरिम्मि जालाउलाओ पल्लीओ ।
जणिआओ जेण विसमे वऊणाणय-मंडले पयडं ।।१७।।

णीलुप्पलदलगन्धा रम्मा मायन्द-महुअविन्देहिं ।
वरइच्छु पण्णच्छण्ण एसा भूमिकया जेण ।।१८।।

वरिस-सएसु अणवसुं अट्ठारसमग्गलेसु चेतम्मि ।
णक्खत्ते विहुहत्थे बुहवारे धवल बीआए ।।१९।।

सिरि कक्कुएण हट्टं महाजणं विप्प पयइ वणिबहुलं ।
रोहिंसकूअ गामे णिवेसिअं कित्ति-विड्डीए ।।२०।।*

000

* 'जर्नल ऑफ द रायल एशियाटिक सोसाइटी' (१८९५)- मुंशी देवीप्रसाद, पृष्ठ ५१३ एवं 'प्राकृत भाषा और साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास'- डॉ० नेमिचन्द्र शास्त्री, से उद्धृत ।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

अभ्यास

१. शब्दार्थ :

तणअ	= पुत्र	रोस	= क्रोध	थेअ	= क्षणिक
सुत्थ	= सुखी	दुत्थ	= दुखी	पया	= प्रजा
मंडल	= राज्य	रागद्दोस	= राग-द्वेष, ईर्ष्या		
दोण्ह	= भेदभाव	विअड्ढ	= सज्जन	पउर	= नागरिक
अब्भहिअं	= अधिक	थुइ	= स्तुति	गोहण	= गोधन
पण्ण	= पत्ता	पयइ	= सामान्य ज्ञान	विड्ढी	= वृद्धि

२. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

(क)	शब्दरूप	मूलशब्द	विभक्ति	वचन	लिंग
	गुणेहिं	.....	.....	.....	.....
	जस्स	.....	.....	.....	.....
	मंडले	.....	.....	.....	.....
	पउराणं	.....	.....	.....	.....
	पणईण	.....	.....	.....	.....
	गिरिम्मि	.....	.....	.....	.....
	हेट्ठं	.....	.....	.....	.....
	मेत्ती	.....	.....	.....	.....
	विसमे	.....	.....	.....	.....

(ख)	संधिवाक्य	विच्छेद	संधिकार्य
	णिज्जमलज्ज	..... + ...	.....
	णीलुप्पल	..... + ...	.....

(ग)	समासपद	विग्रह	समासनाम
	णायवज्जिजं	णायेण + वज्जिजं	.....
	धणनिवहं	..... + ...	.....
	गुणथुई	..... + ...	.....
	दलगन्धा	..... + ...	.....

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

(घ)	क्रियारूप	मूलक्रिया	काल	पुरुष	वचन
	णमय	णम	आज्ञा	म०पु०	ए०व०
(ङ)	कृदन्तरूप	अर्थ	पहिचान	मूलक्रिया	प्रत्यय
	उप्पण्णो	उत्पन्न हुआ	भू०कृ०	उप्पण	अ
	जंपिअं	कहा गया	भू०कृ०	जंप	इ+अ
	हसिअं	.....	.....	.....	.....
	संभरिअं	.....	.....	.....	.....
	धरिआ	.....	.....	.....	.....
	पालिओ	पालन किया गया	भू०कृ०	पाल	इ+अ
	णमंतेण	नमस्कार करते हुए	भू०कृ०	णम	न्त
	फुरंतेण	.....	.....	.....	.....

३. वस्तुनिष्ठ प्रश्न :

सही उत्तर का क्रमांक कोष्ठक में लिखिए :

१. राजा कक्कुक का क्रोध था —

(क) स्थायी (ख) दुखदायी

(ग) क्षणिक (घ) भयंकर [ ]

२. उस राजा ने जनता में नहीं फैलने दिया —

(क) बीमारी को (ख) निन्दा और निर्लज्जता को

(ग) गरीबी को (घ) शत्रुओं को [ ]

४. लघुत्तरात्मक प्रश्न :

प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए :

१. राजा कक्कुक किसका पुत्र था ?

२. यह शिलालेख कहाँ और कब लिखवाया गया है ?

३. कक्कुक राजा बच्चों, युवकों और वृद्धों के लिए क्या था ?

५. निबन्धात्मक प्रश्न एवं विशदीकरण :

(क) शिलालेख में उल्लिखित राजा के कार्यों को लिखिए।

(ख) गाथा नं० १०, ११ एवं १२ का अर्थ समझाकर लिखिए।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

प्राकृत भाषा एवं साहित्य

[क] प्राकृत भाषा

भारत की प्राचीन भाषाओं में प्राकृत भाषा का महत्त्वपूर्ण स्थान है। भाषाविदों ने भारत-ईरानी भाषा के परिचय के अन्तर्गत भारतीय आर्य शाखा-परिवार का विवेचन किया है। प्राकृत इसी भाषा-परिवार की एक आर्य-भाषा है। भारतीय भाषाओं के विकासक्रम में भारत की प्रायः सभी भाषाओं के साथ किसी न किसी रूप में प्राकृत का सम्बन्ध बना हुआ है।

वैदिक भाषा प्राचीन आर्य-भाषा है। उसका विकास तत्कालीन लोक भाषाओं से हुआ है। प्राकृत एवं वैदिक भाषा में विद्वान् कई समानताएँ स्वीकार करते हैं। अतः ज्ञात होता है कि वैदिक भाषा और प्राकृत के विकसित होने में कोई एक समान धरातल रहा है। किसी जन-भाषा के समान तत्त्वों पर ही इन दोनों भाषाओं का भवन निर्मित हुआ है। जन-भाषा से विकसित होने के कारण और जनसामान्य की भाषा बने रहने के कारण इसे प्राकृत भाषा कहा गया है।

मातृभाषा :

प्राकृत की आदिम अवस्था का साहित्य या उसका बोलचाल वाला स्वरूप तो हमारे सामने नहीं है, किन्तु वह जन-जन तक पैठी हुई थी। 'महावीर, बुद्ध तथा उनके चारों ओर दूर-दूर तक के विशाल जन-समूह को मातृभाषा के रूप में प्राकृत उपलब्ध हुई। इसीलिए महावीर और बुद्ध ने जनता के सांस्कृतिक उत्थान के लिए प्राकृत भाषा का उपयोग अपने उपदेशों में किया। उन्होंने इसी प्राकृत भाषा के माध्यम से तत्कालीन समाज के

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

विभिन्न क्षेत्रों में क्रान्ति की ध्वजा लहरायी थी। जिस प्रकार वैदिक भाषा को आर्य संस्कृति की भाषा होने का गौरव प्राप्त है उसी प्रकार प्राकृत भाषा को आगम-भाषा और आर्य-भाषा होने की प्रतिष्ठा प्राप्त है।"*

राज्यभाषा :

प्राकृत जन-भाषा के रूप में इतनी प्रतिष्ठित थी कि उसे सम्राट अशोक के समय में राज्य-भाषा होने का गौरव भी प्राप्त हुआ है और उसकी यह प्रतिष्ठा सैकड़ों वर्षों तक आगे बढ़ी है। अशोक के शिलालेखों के अतिरिक्त देश के अन्य नरेशों ने भी प्राकृत में लेख एवं मुद्राएँ अंकित करवायीं। ई० पू० ३०० से लेकर ४०० ई० इन सात सौ वर्षों में लगभग दो हजार लेख प्राकृत में लिखे गये हैं। यह सामग्री प्राकृत भाषा के विकासक्रम एवं महत्त्व के लिए ही उपयोगी नहीं है, अपितु भारतीय संस्कृति के इतिहास के लिए भी महत्त्वपूर्ण दस्तावेज है।

अभिव्यक्ति का माध्यम :

प्राकृत भाषा क्रमशः विकास को प्राप्त हुई है। वैदिक युग में वह लोक-भाषा थी। उसमें रूपों की बहुलता एवं सरलीकरण की प्रवृत्ति थी। महावीर युग तक आते-आते प्राकृत ने अपने को इतना समृद्ध और सहज किया कि वह अध्यात्म और सदाचार की भाषा बन सकी। ईसा की प्रारम्भिक शताब्दियों में प्राकृत भाषा गाँवों की झोंपड़ियों से राजमहलों की सभाओं तक आदर प्राप्त करने लगी थी। वह समाज में अभिव्यक्ति का

---

* द्रष्टव्य— 'प्राकृत-शिक्षण की दिशाएँ' - डॉ० कमलचन्द सोगाणी एवं डॉ० प्रेम सुमन जैन का लेख (प्राकृत एवं जैनागम विभाग, संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी द्वारा १९८१ में आयोजित यू० जी० सी० सेमिनार में पठित)।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

सशक्त माध्यम चुन ली गयी थी। महाकवि हाल ने अपनी गाथासप्तशती द्वारा प्राकृत को ग्रामीण जीवन और सौन्दर्य-चेतना की प्रतिनिधि भाषा बना दिया था।

प्राकृत भाषा के प्रति इस जनाकर्षण के कारण कालिदास आदि महाकवियों ने अपने नाटक ग्रन्थों में प्राकृत भाषा बोलने वाले पात्रों को प्रमुख स्थान दिया है। अभिज्ञानशाकुन्तलं की ऋषिकन्या शकुन्तला, नाटककार भास की राजकुमारी वासवदत्ता, शूद्रक की नगरवधू बसन्तसेना, भवभूति की महासती सीता, राजा के मित्र, कर्मचारी आदि प्रायः अधिकांश नाटक के पात्र प्राकृत भाषा का प्रयोग करते देखे जाते हैं। इससे स्पष्ट है कि प्राकृत जन-सामान्य की भाषा के रूप में प्रतिष्ठित थी। वह लोगों के सामान्य जीवन को अभिव्यक्त करती थी। समाज के सभी वर्गों द्वारा स्वीकृत भाषा प्राकृत थी।

काव्य-भाषा :

लोक-भाषा प्राकृत को काव्य की भाषा बनने का भी सौभाग्य प्राप्त है। प्राकृत में जो आगम-ग्रन्थ, व्याख्या साहित्य, कथा एवं चरित-ग्रन्थ आदि लखे गये हैं, उनमें काव्यात्मक सौन्दर्य और मधुर रसात्मकता का समावेश है। इसे प्राकृत ने २३०० वर्षों के जीवनकाल में निरन्तर बनाये रखा है। भारतीय काव्य-शास्त्रियों ने भी सहजता और मधुरता के कारण प्राकृत की सैकड़ों गाथाओं को अपने ग्रन्थों में उद्धरण के रूप में सुरक्षित रखा है।

इस तरह प्राकृत ने देश की चिन्तनधारा, सदाचार और काव्य जगत् को निरन्तर अनुप्राणित किया है। अतः प्राकृत भारतीय संस्कृति की संवाहक भाषा है। प्राकृत ने अपने को किसी घेरे में कैद नहीं किया। इसके पास जो था उसे वह जन-जन तक बिखेरती रही, और जन समुदाय में जो

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

कुछ था उसे ग्रहण करती रही। इस तरह प्राकृत भाषा सर्वग्राह्य और सार्वभौमिक भाषा है।

विकास के चरण :

प्राकृत भाषा के स्वरूप को प्रमुख रूप से तीन अवस्थाओं में देखा जा सकता है। वैदिक युग से महावीर युग के पूर्व तक के समय में जनभाषा के रूप में जो भाषा प्रचलित थी उसे प्रथम स्तरीय प्राकृत कहा जा सकता है, जिसके कुछ तत्त्व वैदिक भाषा में प्राप्त होते हैं। महावीर युग से ईसा की द्वितीय शताब्दी तक आगम ग्रन्थों, शिलालेखों एवं नाटकों आदि में प्रयुक्त प्राकृत भाषा को द्वितीय स्तरीय प्राकृत नाम दिया जा सकता है। और तीसरी शताब्दी के बाद ईसा की छठी शताब्दी तक प्रचलित एवं साहित्य में प्रयुक्त प्राकृत को तृतीय स्तरीय प्राकृत कह सकते हैं। उसके बाद देश की क्षेत्रीय भाषाओं के साथ-साथ प्राकृत का विकास होता रहा है।

आदि युग :

द्वितीय स्तरीय प्राकृत के प्रयोग एवं काल की दृष्टि से तीन भेद किये जा सकते हैं— (क) आदि युग (ख) मध्य युग एवं (ग) अपभ्रंश युग।

प्रथम युग की प्राकृत के प्रमुख पांच रूप प्राप्त होते हैं —

१. **आर्ष प्राकृत** — महावीर और बुद्ध के उपदेशों की भाषाएँ-अर्धमागधी, शौरसेनी तथा पालि।

२. **शिलालेखी प्राकृत**-अशोक, खारवेल एवं अन्य राजाओं के लेखों की प्राकृत भाषा।

३. **निया प्राकृत** — निया प्रदेश (चीनी तुर्किस्तान) से प्राप्त लेखों की भाषा, जो प्राकृत से मिलती-जुलती है।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

४. **धम्मपद** — प्राकृत भाषा में लिखा हुआ धम्मपद प्राकृत भाषा के एक नये रूप को प्रकट करता है।

५. **अश्वघोष** — नाटककार अश्वघोष ने अपने नाटकों में जिस प्राकृत का प्रयोग किया है, वह अर्धमागधी, शौरसेनी, मागधी आदि का मिला-जुला रूप है।

मध्य युग :

ईसा की दूसरी शताब्दी से छठी शताब्दी तक प्राकृत भाषा का प्रयोग निरन्तर बढ़ता रहा। अतः इसे प्राकृत भाषा और साहित्य का समृद्ध युग कहा गया है। जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में इस समय प्राकृत भाषा का प्रयोग हुआ है। काव्य-लेखन की भाषा को सामान्य प्राकृत कहा गया है। क्योंकि इसमें प्राकृत भाषा के प्रयोग में प्रायः एकरूपता प्राप्त होती है। इस सामान्य प्राकृत को **महाराष्ट्री प्राकृत** कहा गया है। इस समय में **मागधी** और **पैशाची** प्राकृतों का प्रयोग भी साहित्य में हुआ। प्राकृत वैयाकरणों ने इन तीनों प्राकृतों के लक्षण अपने ग्रन्थों में स्पष्ट किये हैं।

महाराष्ट्री प्राकृत :

मध्य युग में प्राकृत का जितना अधिक विकास हुआ, उतनी ही उसमें विविधता आयी। किन्तु साहित्य में प्रयोग बढ़ जाने के कारण विभिन्न प्राकृतें महाराष्ट्री प्राकृत के रूप में एकरूपता को ग्रहण करने लगीं। महाराष्ट्री प्राकृत के कुछ नियम निश्चित हो गये। उन्हीं के अनुसार कवियों ने अपने ग्रन्थों में महाराष्ट्री प्राकृत का प्रयोग किया है। प्राकृत के अधिकांश काव्य-ग्रन्थ महाराष्ट्री प्राकृत में लिखे गये हैं। पहली शताब्दी से वर्तमान युग तक इन दो हजार वर्षों में कई ग्रन्थ लिखे गये हैं, जो कई विषयों पर हैं। प्रस्तुत पुस्तक में भी इसी महाराष्ट्री प्राकृत की सामान्य व्याकरण एवं प्राकृत के

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

पाठ दिये गये हैं। महाराष्ट्र प्रान्त की जन-बोली से विकसित होने के कारण इस प्राकृत को महाराष्ट्री प्राकृत कहा जाता है। मराठी भाषा से इसका सम्बन्ध है।

अपभ्रंश युग :

साहित्य के लिए एक महाराष्ट्री प्राकृत भाषा तय हो जाने से प्राकृत भाषा में स्थिरता तो आयी, किन्तु उसका जन-जीवन से सम्बन्ध दिनों दिन घटता चला गया। वह साहित्य की भाषा बनकर रह गयी। अतः जन-बोली का स्वरूप इस प्राकृत से कुछ भिन्नता लिए हुए प्रचलित होने लगा, जिसे विद्वानों ने अपभ्रंश भाषा नाम दिया है। यह प्रवृत्ति लगभग ६-७ वीं शताब्दी में गतिशील हुई। यहाँ से प्राकृत भाषा के विकास की तीसरी अवस्था प्रारम्भ हुई। उसे अपभ्रंश युग कहा गया है। अपभ्रंश भाषा प्राकृत और हिन्दी भाषा को परस्पर जोड़ने वाली कड़ी है। वह आधुनिक आर्य भाषाओं (राजस्थानी, गुजराती, मराठी आदि) की पूर्ववर्ती अवस्था है। अपभ्रंश भाषा का महत्त्व प्राकृत और आधुनिक भारतीय भाषाओं के आपसी सम्बन्ध को जानने के लिए आवश्यक है।

आधुनिक भाषाएँ :

भारतीय आधुनिक भाषाओं का जन्म उन विभिन्न लोक भाषाओं से हुआ है, जो प्राकृत व अपभ्रंश से प्रभावित थीं। इन भाषाओं की व्याकरणात्मक संरचना और काव्यात्मक विधाओं का अधिकांश भाग प्राकृत की प्रवृत्तियों पर आधारित है। इसके अतिरिक्त शब्द-समूह की समानता भी ध्यान देने योग्य है। जन-भाषा हिन्दी भी प्राचीन जन-प्राकृत से कई अर्थों में सम्बन्ध रखती है। शब्द एवं क्रियारूपों की दोनों में समानता के साथ-२ सहजता और मधुरता के गुण भी देखने को मिलते हैं। यथा —

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

प्राकृत और हिन्दी :

प्राकृत	हिन्दी	प्राकृत	हिन्दी
उक्खल	ओखली	उल्लुट्ट	उलटा
कहारो	कहार	कोइला	कोयला
खड्डा	खड्डा	चाउल	चाँवल
चोक्खं	चोखा	डोरो	डोरा
डाली	डाली	भल्ल	भला
पोट्टली	पोटली	पत्तल	पतला
सलोणा	सलोना	बड्डा	बड़ा
कड्ढ	काढ़ना	कुद्द	कूदना
चुक्क	चूकना	छुट्ट	छूटना
देक्ख	देखना	भुल्ल	भूलना
उड्ड	उड़ना	कुट्ट	कूटना
बुज्झ	बूझना	डंस	डसना
चमक्क	चमकना	लुक्क	लुकना

इस प्रकार प्राकृत भाषा का विकास किसी क्षेत्र या काल विशेष में आकर रुका नहीं है। अपितु प्राकृत ने प्रत्येक समय की बहुप्रचलित जन-भाषा के अनुरूप अपने स्वरूप को ढाल लिया है। हर युग की भाषा और उसके साहित्य के विकास में प्राकृत ने अपना योगदान किया है। यही कारण है कि प्राकृत देश की इन सभी भाषाओं के साथ अपना सम्बन्ध कायम रख सकी है। अतः प्राकृत भाषा के अध्ययन एवं शिक्षण से देश की विभिन्न भाषाओं के प्रचार-प्रसार को बल मिलता है। देश की अखण्डता और चिन्तन की समन्वयात्मक प्रवृत्ति प्राकृत भाषा के माध्यम दृढ़ की जा सकती है।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

[ख] प्राकृत काव्य साहित्य की रूपरेखा

प्राकृत भाषा में काव्य-रचना प्राचीन समय से ही होती रही है। आगम-ग्रन्थों एवं शिलालेखों में अनेक काव्य-तत्त्वों का प्रयोग हुआ है। प्राकृत भाषा के कथा-साहित्य एवं चरित ग्रन्थों में भी कई काव्यात्मक रचनाएँ भी उपलब्ध हैं। पादलिप्त की तरंगवतीकथा तथा विमलसूरि के पउमचरियं में कई काव्य-चित्र पाठक का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करते हैं। उपमा, रूपक, उत्प्रेक्षा, श्लेष आदि अलंकारों का प्रयोग इसमें हुआ है। उत्प्रेक्षा का एक दृश्य दृष्टव्य है— संध्याकालीन कृष्ण वर्ण वाले अन्धकार से युक्त गगन सभी दिशाओं को कलुषित कर रहा है। यह तो दुर्जन का स्वभाव है, जो सज्जनों के उज्ज्वल चरित्र पर कालिख पोतता है —

उच्छरइ तमो गयणो मइलन्तो दिसिवहे कसिणवण्णो।
सज्जणचरिउज्जोयं नज्जइ ता दुज्जण सहावो॥

—पउमचरियं २-१००

इसी तरह वसुदेवहिण्डी, समराइच्चकहा, कुवलयमाला, सुरसुन्दरी-चरियं आदि अनेक प्राकृत कथा व चरित-ग्रन्थों में प्राकृत-काव्य के विविध रूप देखने को मिल सकते हैं। इन ग्रन्थों में काव्य का दिग्दर्शन कराना मुख्य उद्देश्य नहीं है, अपितु कथा एवं चरित विशेष को विकसित करना है। किन्तु प्राकृत साहित्य में कुछ इस प्रकार के भी ग्रन्थ हैं, जिन्हें विशुद्ध रूप से काव्य ग्रन्थ कहा जा सकता है। प्राकृत चूंकि ललित एवं सुकुमार भाषा रही है, अतः उसमें काव्यगुण साहित्य की आत्मा के रूप में प्रतिष्ठित हैं। प्राकृत के प्रसिद्ध कवि हाल, प्रवरसेन, वाक्पतिराज, कोऊहल आदि की काव्य रचनाएँ इस बात की साक्षी हैं।

रसमयी प्राकृत काव्य के जो ग्रन्थ आज उपलब्ध हैं, उन्हें तीन भागों

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

में विभक्त किया जा सकता है : – (१) मुक्तक काव्य (२) खण्ड-काव्य एवं (३) महाकाव्य। प्राकृत काव्य के इन तीनों प्रकार के ग्रन्थों का परिचय एवं मूल्यांकन प्राकृत साहित्य के इतिहास ग्रन्थों में किया गया है। इन ग्रन्थों के सम्पदकों ने भी उनके महत्त्व आदि पर प्रकाश डाला है। कुछ प्रमुख प्राकृत काव्य ग्रन्थों का संक्षिप्त परिचय यहाँ प्रस्तुत है।

मुक्तक काव्य :

मुक्तक काव्य में प्रत्येक पद्य रसानुभूति कराने में समर्थ एवं स्वतन्त्र होता है। इस दृष्टि से मुक्तक काव्य की रचना भारतीय साहित्य में बहुत पहले से होती रही है। प्राकृत साहित्य में यद्यपि सुभाषित के रूप में कई गाथाएँ विभिन्न ग्रन्थों में प्राप्त होती हैं; किन्तु व्यवस्थित मुक्तक काव्य के रूप में प्राकृत के दो ग्रन्थ उल्लेखनीय हैं -- (१) गाथासप्तशती एवं (२) वज्जालग्गं।

गाथासप्तशती :– प्राकृत का यह सर्व प्रथम मुक्तककोश है। इसमें अनेक कवि और कवयत्रियों की चुनी हुई सात सौ गाथाओं का संकलन है। यह संकलन लगभग प्रथम शताब्दी में कविवत्सल हाल ने लगभग एक करोड़ गाथाओं में से चुनकर तैयार किया है। यथा —

सत्त सत्ताइं कइवच्छलेण कोडीअ मज्झआरम्मि।
हालेण विरइआणि सालंकाराणं गाहाणं॥

— गाथा. १/३

गाथासप्तशती की गाथाओं की प्रशंसा अनेक प्राचीन कवियों ने की है। बाणभट्ट ने इस ग्रन्थ को गाथाकोश कहा है। इस ग्रन्थ का स्वरूप मुक्तक काव्य ग्रन्थों की परम्परा में अपना विशेष स्थान रखता है। इसमें गाथाओं का चयन करके उन्हें सौ-सौ के समूह में गुंफित किया गया है।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

सात सौ की संख्या के आधार पर इसका नाम गाथासप्तशती रखा गया है। इस ग्रन्थ में किसी एक ही विषय की उक्तियां नहीं हैं। अपितु शृंगार, नीति, प्रकृतिचित्रण, सज्जन-दुर्जन के स्वभाव, सुभाषित आदि अनेक विषयों से सम्बन्धित गाथाएँ हैं। अधिकतर लोक-जीवन के विविध चित्रों की अभिव्यक्तियाँ इन गाथाओं के द्वारा होती हैं। नायक-नायिकाओं की विशेष भावनाओं और चेष्टाओं का चित्रण भी इस ग्रन्थ की गाथाएँ करती हैं।

वज्जालग्गं :- प्राकृत का दूसरा मुक्तक-काव्य वज्जालग्गं है। कवि जयवल्लभ ने इस ग्रन्थ का संकलन किया है। इसमें अनेक प्राकृत कवियों की सुभाषित गाथाएँ संकलित हैं। कुल गाथाएँ ७९५ हैं, जो ९६ वज्जाओं में विषय की दृष्टि से विभक्त हैं। यहाँ 'वज्जा' शब्द विशिष्ट अर्थ में प्रयुक्त हुआ है। वज्जा देशी शब्द है, जिसका अर्थ है– अधिकार या प्रस्ताव। एक विषय से सम्बन्धित गाथाएँ एक वज्जा के अन्तर्गत संकलित की गई है। जैसे वज्जा नं० ४ का नाम है– 'सज्जणवज्जा'। इसमें कुल १७ गाथाएँ एक साथ हैं, जिनमें सज्जन व्यक्ति के सम्बन्ध में ही कुछ कहा गया हैं।

वज्जालग्गं गाथासप्तशती से कई अर्थों में विशिष्ट है। इसमें विषय की विविधता है। शृंगार एवं सौन्दर्य का चित्रण ही जीवन में सब कुछ नहीं है। व्यक्ति की अपेक्षा समाज के हित का चिंतन उदारता का द्योतक है। इस मुक्तक-काव्य में साहस, उत्साह, नीति, प्रेम, सुगृहणी, ऋतु, कर्मवाद आदि अनेक विषयों से सम्बन्धित गाथाएँ हैं। विभिन्न प्रकार के पशु, पुष्प एवं सरोवर, दीपक, वस्त्र आदि उपयोगी वस्तुओं के गुण-दोषों का विवेचन भी इस ग्रन्थ में हुआ है। अतः यह काव्य मानव को लोक-मङ्गल की ओर प्रेरित करता है। आदर्श गृहणी, अच्छी नागरिकता की जननी होती है। यह काव्य हमें बतलाता है कि गृहस्वामिनी को कैसा होना

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

चाहिए। वह कब गृह-लक्ष्मी कहलाती है। यथा —

भुंजइ भुंजियसेसं सुप्पइ सुत्तम्मि परियणे सयले।
पढमं चेय विबुज्झइ घरस्स लच्छी न सा घरिणी॥

खण्डकाव्य :

प्राकृत में खण्डकाव्य कम ही लिखे गये हैं। क्योंकि कवियों की मुख्य प्रवृत्ति जीवन को सम्पूर्णता से चित्रित करना रहा है। कथा एवं चरित ग्रन्थों के द्वारा उन्होंने कई बड़े-बड़े ग्रन्थ प्राकृत में लिखे हैं। किन्तु प्राकृत में कुछ खण्डकाव्य भी उपलब्ध हैं, जिनमें मानव जीवन के किसी एक मार्मिक पक्ष की अनुभूति को पूर्णता के साथ व्यक्त किया गया है। १७ वीं शताब्दी के निम्न प्राकृत खण्डकाव्य उपलब्ध हैं।

कंसवहो :- श्रीमद्भागवत के आधार पर मालावर प्रदेश के निवासी श्री रामपाणिवाद ने सन् १६०७ के लगभग इस ग्रन्थ की रचना की थी। कवि प्राकृत, संस्कृत और मलयालम के प्रसिद्ध विद्वान् थे। इनकी कई रचनाएँ इन भाषाओं में प्राप्त हैं।

कंसवहो (कंसवध) में चार सर्ग एवं २३३ पद्य हैं। इस ग्रन्थ के कथानक में उद्धव, श्रीकृष्ण और बलराम को धनुषयज्ञ के बहाने गोकुल से मथुरा ले जाता है। वहाँ श्रीकृष्ण कंस का वध करते हैं, जिसका वर्णन कवि ने बहुत ही प्रभावक ढंग से किया है। यह एक सरस काव्य है, जिसमें लोक-जीवन, वीरता और प्रेमतत्त्व का निरूपण हुआ है।

उसाणिरुद्ध :- यह खण्डकाव्य भी रामपाणिवाद द्वारा रचित है। इसमें बाणासुर की कन्या उषा का श्रीकृष्ण के पौत्र अनिरुद्ध के साथ विवाह होने की घटना वर्णित है। प्रेम काव्य के रूप में इसका चित्रण हुआ

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

है। अतः इस काव्य में शृंगारिकता अधिक है। राजशेखर की कर्पूर-मंजरी एवं अन्य काव्यों का भी इस पर प्रभाव परिलक्षित होता है। प्रबन्ध-काव्य की दृष्टि से यह काव्य उपयुक्त है। इसकी कथावस्तु सरस है।

कुम्मापुत्तचरियं :- प्राकृत के चरित ग्रन्थों में कुछ ऐसे काव्य हैं, जिन्हें कथानक की दृष्टि से खण्डकाव्य कहा जा सकता है। कुम्मापुत्तचरियं इसी प्रकार का खण्डकाव्य है। लगभग १६ वीं शताब्दी में जिनमाणिक्य के शिष्य अनंतहंस ने इस ग्रन्थ की रचना की थी। इस ग्रन्थ में कुल १९८ गाथाएँ प्राप्त हैं। कुम्मापुत्तचरियं में राजा महेन्द्रसिंह और उनकी रानी कूर्मा के पुत्र धर्मदेव के जीवन की कथा वर्णित है। प्रारम्भ में दुर्लभकुमार नामक राजपुत्र को भद्रमुखी नामक यक्षिणी अपने महल में ले जाती है, और बाद में एक महात्मा के द्वारा उस कुमार के पूर्व-जन्म का वृतान्त कहा जाता है।

इस ग्रन्थ में दान, शील, तप और भाव-शुद्धि के महत्त्व को प्रतिपादित किया गया है। इसी प्रसंग में कई छोटे-छोटे उदाहरण भी प्रस्तुत किए गये हैं। मनुष्य-जन्म की सार्थकता बतलाते हुए कहा गया है कि जिस प्रकार असावधानी से हाथ में रखा हुआ रत्न समुद्र में गिर जाने पर फिर नहीं मिलता है, उसी प्रकार व्यर्थ के कामों में मनुष्य-जन्म को व्यतीत कर देने पर अच्छे कार्य करने के लिए दुबारा मनुष्य-जन्म नहीं मिलता है। इस ग्रन्थ की भाषा बहुत सरल है, और संवाद-शैली में कथा को आगे बढ़ाया गया है।

महाकाव्य :

महाकाव्य में जीवन की सम्पूर्णता को विभिन्न आयामों द्वारा उद्घाटित किया जाता है। प्राकृत में रसात्मक महाकाव्य कम ही लिखे गये हैं। किन्तु जो महाकाव्य उपलब्ध हैं, वे अपनी विशेषताओं के कारण

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

महाकाव्य के क्षेत्र में अपनी अमिट छाप छोड़ते हैं। उनकी काव्यात्मकता और प्रौढ़ता के कारण उन्हें प्राकृत के शास्त्रीय महाकाव्य कहा जा सकता है। इस रसमयता के कारण वे प्राकृत के अन्य कथा एवं चरित ग्रन्थों से अपना भिन्न स्थान रखते हैं। ऐसे प्राकृत के उत्कृष्ट महाकाव्य हैं :— (१) सेतुबन्ध, (२) गउडवहो, (३) लीलावईकहा एवं, (४) द्वयाश्रयकाव्य। प्राकृत के ये चारों महाकाव्य ईसा की ४-५ वीं शताब्दी से १२ वीं शताब्दी तक की प्राकृत कविता का प्रतिनिधित्व करते हैं।

सेतुबन्ध (रावणवहो) :- प्राकृत का यह प्रथम शास्त्रीय महाकाव्य है। इसमें राम कथा के एक अंश को प्रौढ़ काव्यात्मक शैली में महाकवि प्रवरसेन ने प्रस्तुत किया है। वाल्मीकि रामायण के युद्धकाण्ड की कथावस्तु सेतुबन्ध के कथानक का आधार है। इस महाकाव्य में मुख्य रूप से दो घटनाएँ हैं :- सेतुबन्ध और रावणवध। अतः इन दोनों प्रमुख घटनाओं के आधार पर इसका नाम 'सेतुबन्ध' अथवा 'रावणवहो' प्रचलित हुआ है। टीकाकार रामदास भूपति ने इसे 'रामसेतु' भी कहा है। महाकवि ने सेतु-रचना के वर्णन में ही अधिक उत्साह दिखाया है। अतः 'सेतुबन्ध' इसका सार्थक नाम है। 'रावणवध' को इस काव्य का फल कहा जा सकता है।

सेतुबन्ध महाकाव्य में कुल १२९१ गाथाएँ प्राप्त होती हैं, जो १५ आश्वासों में विभक्त हैं। इसकी भाषा महाराष्ट्री प्राकृत है। आश्वासों के अन्त में 'पवरसेण विरइए' पद प्राप्त होता है। अतः इसके रचयिता महा कवि प्रवरसेन हैं।

गउडवहो :- प्राकृत के महाकाव्यों में 'गउडवहो' का महत्त्वपूर्ण स्थान है। लगभग ई० सन् ७६० में महाकवि वाक्पतिराज ने गउडवहो की रचना की थी। वाक्पतिराज कन्नौज के राजा यशोवर्मा के आश्रय में रहते थे।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

उन्होंने इस काव्य में यशोवर्मा के द्वारा गौड़देश (मगध) के किसी राजा के वध किये जाने का वर्णन किया है। इसीलिए इसका नाम 'गउडवध' रखा है। इस दृष्टि से यह एक ऐतिहासिक काव्य भी है।

'गउडवहो' में प्रारम्भ में विभिन्न देवी-देवताओं को ६१ गाथाओं से नमस्कार किया गया है और इसके बाद ९८ गाथा तक वाक्पतिराज ने महाकवियों और उनके काव्य के स्वरूप पर प्रकाश डाला है। इस प्रसंग में उन्होंने प्राकृत भाषा और प्राकृत काव्य के महत्त्व को भी स्पष्ट किया है।

इसके बाद कवि ने महाकाव्य के नायक यशोवर्मा के जीवन का वर्णन किया है। प्रसंग के अनुसार इस काव्य में प्रकृति-चित्रण, विजय-यात्रा का वर्णन तथा वस्तुवर्णन आदि किये गये हैं। इन वर्णनों से ज्ञात होता है कि कवि ने लोक को बहुत सूक्ष्मता से देखा था। अतः उनकी अनुभूतियां व्यापक थीं। ग्रन्थ में अनेक अलंकारों का प्रयोग किया गया है। श्यामल शरीर वाले कृष्ण पीताम्बर पहिने हुए दिन और रात्रि के मिलन-स्थल सायंकाल के समान प्रतीत होते हैं, इस दृश्य को कवि ने इस प्रकार कहा है--

तं णमह पीय-वसणं जो वहइ सहाव-सामलं-च्छायं।
दिअस-णिसा-लय-णिग्गम-विहाय-सबलं पिव सरीरं॥

लीलावईकहा :- लगभग ९ वीं शताब्दी में महाकवि कोऊहल ने 'लीलावईकहा' नामक महाकाव्य की रचना की है। यह प्राकृत का महाकाव्य एवं कथा-ग्रन्थ दोनों है। इस ग्रन्थ में प्रतिष्ठान नगर के राजा सातवाहन एवं सिंहलद्वीप की राजकुमारी लीलावई के प्रेम की कथा वर्णित है। बीच में कई अवान्तर कथाएँ हैं। इस महाकाव्य से ज्ञात होता है कि प्रेमी-प्रेमिकाएँ अपने प्रेम में दृढ़ होते थे और हर तरह की परीक्षाओं में खरे

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

उतरते थे। तभी समाज उनके विवाह की स्वीकृति देता था। राजाओं के जीवन-चरित का इसमें काव्यात्मक वर्णन है।

यह महाकाव्य काव्यशास्त्रीय दृष्टि से भी महत्त्वपूर्ण है। इसमें उपमा उत्प्रेक्षा, रूपक, समासोक्ति आदि अलंकारों का व्यापक प्रयोग है। शृंगार और वीर रस का इसमें मनोहर चित्रण हुआ है।

इन महाकाव्यों के अतिरिक्त प्राकृत में आचार्य हेमचन्द्र द्वारा रचित 'द्वयाश्रयकाव्य' भी प्रसिद्ध है। इसमें प्राकृत व्याकरण के नियमों को स्पष्ट किया गया है। कुमारपाल राजा का जीवन भी इस काव्य में वर्णित है। इसी तरह श्री कृष्णलीला शुककवि ने 'सिरिचिंधकव्व' नामक महाकाव्य प्राकृत में लिखा है, जिसका प्रत्येक सर्ग 'श्री' शब्द से अंकित है। लगभग १३ वीं शताब्दी में इसे लिखा गया है। इस प्रकार प्राकृत में महाकाव्यों की एक सशक्त परम्परा है।

चरित-काव्य :

प्राकृत काव्य के अन्तर्गत कुछ ऐसे भी काव्य ग्रन्थ हैं; जिनमें महा पुरुषों के जीवन-चरित वर्णित हैं। ये ग्रन्थ पद्य में लिखे गये हैं। इन्हें उपदेशात्मक काव्य–ग्रन्थ कहा जा सकता है। ऐसे चरितकाव्य ईसा की तीसरी शताब्दी से १५-१६ वीं शताब्दी तक लिखे जाते रहे हैं। विमलसूरि का 'पउमचरियं', धनेश्वरसूरि का 'सुरसुन्दरीचरियं', नेमिचन्द्रसूरि का 'महावीर चरियं' तथा देवेन्द्रसूरि का 'सुदंसणाचरियं' आदि प्रमुख चरितकाव्य हैं। इन चरितकाव्यों में कथा एवं चरित के साथ-साथ प्राकृत काव्य का स्वरूप भी प्रकट किया गया है। इनका काव्यात्मक सौन्दर्य मनोहर है।

कथा-काव्य :

प्राकृत में कई कथा-ग्रन्थ लिखे गये हैं। उनमें से कुछ गद्य में एवं

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

कुछ पद्य में हैं। पद्य में लिखे गये प्राकृत के कथा-काव्य काव्यात्मिक दृष्टि से भी महत्त्वपूर्ण हैं। पादलिप्तसूरि ने 'तरंगवतीकथा', जिनेश्वरसूरि ने 'निर्वाणलीलावतीकथा', सोमप्रभसूरि ने 'कुमारपालप्रतिबोध', आम्रदेव सूरि ने 'आख्यानमणिकोशवृत्ति' तथा रत्नशेखरसूरि ने 'सिरिसिरिवालकहा' आदि कथा-काव्य लिखे हैं। ये कथा-काव्य ईसा की प्रथम शताब्दी से १५ वीं शताब्दी तक लिखे जाते रहे हैं। इन ग्रन्थों में कथातत्त्व एवं काव्यतत्त्व दोनों का समन्वय दृष्टिगोचर होता है।

इस प्रकार प्राकृत काव्य–साहित्य की विभिन्न प्रवृत्तियाँ हैं। मुक्तक काव्य जीवन के विभिन्न अनुभवों से परिचित कराते हैं। खण्डकाव्य चरित नायकों के विशिष्ट जीवन का चित्र प्रस्तुत करते हैं। महाकाव्यों में जीवन के विभिन्न अनुभवों और वस्तुजगत् का काव्यात्मक वर्णन प्राप्त होता है। चरितकाव्य महापुरुषों के प्रेरणादायक चरितों की काव्यात्मक अनुभूति देते हैं। कथा-काव्य कल्पना और सौन्दर्य का समन्वित आनन्द प्रदान करते हैं। प्राकृत काव्य–साहित्य की ये सब विधाएँ भारतीय साहित्य के भण्डार को समृद्ध करती हैं।

ooo

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

सर्वनाम चार्ट

एकवचन : पु० स्त्री०			पुंल्लिग		स्त्रीलिंग		नपुंसकलिंग	
शब्द	अम्ह	तुम्ह	त	इम	ता	इमा	त	इम
प्र०	अहं	तुमं	सो	इमो	सा	इमा	तं	इमं
द्वि०	ममं	तुमं	तं	इमं	तं	इमं	तं	इमं
तृ०	मए	तुमए	तेण	इमेण	ताए	इमाए	तेण	इमेण
च०	मज्झ	तुज्झ	तस्स	इमस्स	ताअ	इमाअ	तस्स	इमस्स
पं०	ममाओ	तुमाओ	ताओ	इमाओ	तत्तो	इमत्तो	ताओ	इमाओ
ष०	मज्झ	तुज्झ	तस्स	इमस्स	ताअ	इमाअ	तस्स	इमस्स
स०	अम्हम्मि	तुम्हम्मि	तम्मि	इमम्मि	ताए	इमाए	तम्मि	इमम्मि
बहुवचन :								
प्र०	अम्हे	तुम्हे	ते	इमे	ताओ	इमाओ	ताणि	इमाणि
द्वि०	अम्हे	तुम्हे	ते	इमे	ताओ	इमाओ	ताणि	इमाणि
तृ०	अम्हेहि	तुम्हेहि	तेहि	इमेहिं	ताहि	इमाहि	तेहि	इमेहि
च०	अम्हाण	तुम्हाण	ताण	इमाण	ताण	इमाण	ताण	इमाण
पं०	अम्हाहिंतो	तुम्हाहिंतो	ताहिंतो	इमाहिंतो	ताहिंतो	इमाहिंतो	ताहिंतो	इमाहित्तो
ष०	अम्हाण	तुम्हाण	ताण	इमाण	ताण	इमाण	ताण	इमाण
स०	अम्हेसु	तुम्हेसु	तेसु	इमेसु	तासु	इमासु	तेसु	इमेसु

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

संज्ञाशब्द चार्ट

एकवचन :	पुंल्लिग शब्द			स्त्रीलिंग शब्द				
	अकारान्त	इकारान्त	उकारान्त	आकारान्त	इकारान्त	ईकारान्त	उकारान्त	ऊकारान्त
शब्द	पुरिस	सुधि	साहु	बाला	जुवइ	नई	धेणु	बहू
प्र०	पुरिसो	सुधी	साहू	बाला	जुवई	नई	धेणू	बहू
द्वि०	पुरिसं	सुधिं	साहुं	बालं	जुवइं	नइं	धेणुं	बहुं
तृ०	पुरिसेण	सुधिणा	साहुणा	बालाए	जुवईए	नईए	धेणूए	बहूए
च०	पुरिसस्स	सुधिणो	साहुणो	बालाअ	जुवईआ	नईआ	धेणूए	बहूए
पं०	पुरिसत्तो	सुधित्तो	साहुत्तो	बालत्तो	जुवइत्तो	नइत्तो	धेणुत्तो	बहुत्तो
ष०	पुरिसस्स	सुधिणो	साहुणो	बालाअ	जुवईआ	नईआ	धेणूए	बहूए
स०	पुरिसे	सुधिम्मि	साहुम्मि	बालाए	जुवईए	नईए	धेणुए	बहूए
सं०	पुरिसो	सुधी	साहू	बाला	जुवइ	नइ	धेणु	बहू

बहुवचन :

प्र०	पुरिसा	सुधिणो	साहुणो	बालाओ	जुवईओ	नईओ	धेणूओ	बहूओ
द्वि०	पुरिसा	सुधिणो	साहुणो	बालाओ	जुवईओ	नईओ	धेणूओ	बहूओ
तृ०	पुरिसेहि	सुधीहि	साहूहि	बालाहि	जुवईहि	नईहि	धेणूहि	बहूहि
च०	पुरिसाण	सुधीण	साहूण	बालाण	जुवईण	नईण	धेणूण	बहूण
पं०	पुरिसाहिंतो	सुधीहिंतो	साहूहिंतो	बालाहिंतो	जुवईहिंतो	नईहिंतो	धेणूहिंतो	बहूहिंतो
ष०	पुरिसाण	सुधीण	साहूण	बालाण	जुवईण	नईण	धेणूण	बहूण
स०	पुरिसेसु	सुधीसु	साहूसु	बालासु	जुवईसु	नईसु	धेणूसु	बहूसु
सं०	पुरिसा	सुधिणो	साहुणो	बालाओ	जुवईओ	नईओ	धेणूओ	बहूओ

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

क्रियारूप चार्ट

एकवचन

पुरुष	वर्तमान काल		भूतकाल		भविष्यकाल		इच्छा या आज्ञा		सम्बन्ध/हेत्वर्थ कृदन्त	
	अ.क्रिया नम	आ.क्रिया दा	अ.क्रिया नम	आ.क्रिया दा	अ.क्रिया नम	आ.क्रिया दा	अ.क्रिया नम	आ.क्रिया दा	अ. क्रिया नम	आ. क्रिया दा
प्रथम	नमामि	दामि	नमीअ	दाही	नमिहिमि	दाहिमि	नममु	दामु	नमिऊण	दाऊण
मध्यम	नमसि	दासि	नमीअ	दाही	नमिहिसि	दाहिसि	नमहि	दाहि	नमिउं	दाउं
अन्य	नमइ	दाइ	नमीअ	दाही	नमिहिइ	दाहिइ	नमउ	दाउ	"	"

बहुवचन

पुरुष	वर्तमान काल		भूतकाल		भविष्यकाल		इच्छा या आज्ञा		सम्बन्ध/हेत्वर्थ कृदन्त	
प्रथम	नमामो	दामो	नमीअ	दाही	नमिहामो	दाहामो	नममो	दामो	नमिऊण	दाऊण
मध्यम	नमित्था	दाइत्था	नमीअ	दाही	नमिहित्था	दाहित्था	नमह	दाह	नमिउं	दाउं
अन्य	नमन्ति	दान्ति	नमीअ	दाही	नमिहिन्ति	दाहिन्ति	नमन्तु	दान्तु		

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

कृदन्त विशेषण चार्ट

		एकवचन	प्रथमा विभक्ति		बहुवचन		
काल	भू.क्रि. व प्रत्यय	पुंल्लिग	स्त्रीलिंग	नपुंसकलिंग	पुंल्लिग	स्त्रीलिंग	नपुंसकलिंग
व० का०	पढ+अन्त	पढन्तो	पढन्ती	पढन्तं	पढन्ता	पढन्तीओ	पढन्ताणि
,,	पढ+माण	पढमाणो	पढमाणी	पढमाणं	पढमाणा	पढमाणीओ	पढमाणाणि
भू० का०	पढ+इ+अ	पढिओ	पढिआ	पढिअं	पढिआ	पढिआओ	पढिआणि
भ० का०	पढ+इ+स्सन्त	पढिस्सन्तो	पढिस्सन्ती	पढिस्सन्तं	पढिस्सन्ता	पढिस्सन्तीओ	पढिस्सन्ताणि
यो०सू०[क]	पढ+अणीअ	पढणीओ	पढणीआ	पढणीअं	पढणीआ	पढणीआओ	पढणीआणि
वि.कृ० [ख]	पढ+ए+अव्व	पढेअव्वो	पढेअव्वा	पढेअव्वं	पढेअव्वा	पढेअव्वाओ	पढेअव्वाणि

Jain Educationa International
For Personal and Private Use Only
www.jainelibrary.org

हिन्दी अनुवाद

पाठ ११ : प्राकृत काव्य

१. प्राकृत काव्य के लिए नमस्कार है और (उसके लिए भी), जिसके द्वारा प्राकृत काव्य रचा गया हैं। उनको भी हम नमस्कार करते हैं, जो (प्राकृत काव्य को) पढ़कर (उसे) समझते हैं।

२. (सरल) देशी शब्दों से युक्त, मधुर अक्षरों एवं छन्द से रचित, मनोहर, स्पष्ट, विस्तीर्ण एवं प्रकट अर्थवाला प्राकृत-काव्य (सब लोगों के द्वारा) पढ़ने योग्य है।

३. सुगन्धित एवं शीतल जल से, चतुर व्यक्तियों के वचनों से और उसी तरह प्राकृत काव्य में जो आनन्द (रस) उत्पन्न होता है, (उससे हम कभी) संतोष को प्राप्त नहीं होते हैं (नहीं अघाते हैं)।

४. नये अर्थ की प्राप्ति, अगाध मधुरता, काव्यतत्त्व की समृद्धि, सरलता एवं संसार के प्रारम्भ से अब तक की काव्य-रचना, यह (सब) प्राकृत में (है)।

५. सभी भाषाएँ इसी (जन-बोली प्राकृत) से निकलती हैं और इसी को प्राप्त होती हैं (भाषा से फिर बोली बन जाती हैं)। जैसे- जल (बादल के रूप में) समुद्र से निकलते हैं और समुद्र को ही (नदियों के रूप में) आते हैं।

६. जटिल अर्थ से रहित और देशी (शब्दों वाला), मधुर अक्षरों से रचित, मनोहर प्राकृत काव्य संसार में किसके हृदय को अच्छा नहीं लगता है ?

000

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

पाठ १२ : शिक्षा-विवेक

१. उस प्रकार के सुन्दर, स्वस्थ निवासियों वाले किसी सन्निवेस (नगर) में सिद्ध नामक किसी (व्यक्ति) के पिता के लिए प्रिय दो पुत्र (थे)।

२. उस (पिता) के द्वारा उन्हें कुछ सूत्र पढ़ाये गये, किन्तु वह (पिता) विचार करता है कि (यदि) ये कुछ निमित्त (शास्त्र) जान जाते हैं तो (कुछ) धन प्राप्त हो जाता।

३. तब पिता के द्वारा किसी नैमित्तकशास्त्र के जानकार को समर्पित कर दिये गए (वे पुत्र) (उससे) सीखते हैं। किन्तु एक (पुत्र) के लिए (वह) शिक्षा अच्छी तरह प्राप्त होती है।

४. और दूसरे के लिए अविनय-भाव के कारण उस प्रकार नहीं (प्राप्त होती है)। इसके बाद किसी एक दिन वे (दोनों) जंगल में लकड़ी लेने के लिए भेजे गये।

५. मार्ग में जाते हुए उनके द्वारा हाथी के जैसे पैर देखे गये। एक ने (अविनीत शिष्य) कहा-'हे भाई! देखो, यह हाथी गया है।'

६. दूसरे (विनीत शिष्य) ने कहा-'यह हथिनी है, (उसकी) शारीरिक-क्रिया से जानी गयी है और (वह) कानी है, (क्योंकि) एक ही किनारे में चरने (पत्तियाँ खाने) से जानी गयी है।

७. और भी (उस हथिनी के) ऊपर सुन्दर स्त्री है।' यह कैसे जान गया ? 'वृक्षों पर लाल धागों के लगने से यह ज्ञात हुआ है।'

८. उस (कथन) के विश्वास के लिए इच्छुक वे दोनों जब उसी मार्ग से जाते हैं तब जैसा उन्होंने कहा था (वह) सब तालाब के किनारे (पहुँचने पर) देखा गया (सत्य प्रमाणित हो जाता है)।

९. इसी समय में छाया में विश्राम करते हुए उनके पास में सिर पर जल भरे हुए घड़े को रखे हुए एक वृद्धा (बूढ़ी औरत) आयी।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

१०-११. पुत्र के समान आयु से युक्त (उनको) देखकर पुत्र के स्नेह की उत्सुकता से विदेश में स्थित अपने पुत्र की जानकारी पूछने वाली (उस वृद्धा) का घड़ा टूट गया। और पानी (सरोवर के) पानी में मिल गया। जब तक वह वृद्धा उससे दुखी मनवाली और चिन्ता से युक्त होती है तभी एक (अविनीत शिष्य) ने कहा —

१२ 'यदि निमित्तशास्त्र का यह वचन- 'उससे उत्पन्न उसी में मिल जाता है, सत्य है तो हे भद्रे, तुम्हारा पुत्र मर गया है। व्यर्थ में दुख करने से क्या (फायदा)?

१३. दूसरे (विनीत शिष्य) ने कहा- 'निमित्तशास्त्र में प्राप्त यह वाणी (सही ढंग से) मिलायी हुई नहीं है। इसलिए हे भद्रे! तुम्हारा पुत्र जीवित है। घर में जाकर देखो।'

१४. उस (पुत्र) को (घर में) देखकर आभूषणों और रुपयों के साथ (वह वृद्धा) एक क्षण में वापस आ गयी। (गहने-रुपये) समर्पित कर संतुष्ट (वह वृद्धा) आनन्दित होकर अपने घर चली गयी।

१५. तब (एक) भाई के द्वारा पूछा गया- 'हे भाई! कहो न, यह (कथन) विपरीत (कैसे) हो गया?' दूसरे ने कहा– 'यह सत्य है– उससे उत्पन्न उसी में (मिलता है)।'

१६. पानी पानी में मिल गया, मिट्टी से बना हुआ घड़ा (उसी में) मिल गया। अतः यह स्पष्ट (सरल) मार्ग है कि माता में पुत्र मिलता है।

१७. इसलिए तुम खेद मत करो और (अपने) गुरु के सम्बन्ध में भी वैर धारण मत करो। गुरु लोग भी जीव (व्यक्ति) में (उसकी) योग्यता के अनुसार ही गुणों की स्थापना करते हैं।

000

पाठ १३ : राजकुमारों की बुद्धि-परीक्षा

१. इसके बाद एक बार कभी रात्रि के अन्तिम पहर में सुखपूर्वक जगा हुआ राजा (प्रसेनजित) इस प्रकार सोचने लगा —

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

२. 'मेरे राजकुमारों के बीच में कौन (राजकुमार) चूड़ामणि से सुशोभित फण के अग्रभाग वाले महानाग शेष की तरह पृथ्वी की धुरा को धारण करने में समर्थ होगा ?'

३. ऐसा सोचकर हाथी, घोड़े, शस्त्र, रथ आदि से भरे हुए सम्पूर्ण पुराने शस्त्रागार को उसने चारों दिशाओं से आग लगवा दी।

४. उस अग्नि की भयंकर ज्वाला को देखकर राजा राजकुमारों को कहता है — 'अरे राजकुमारो! (इस आग में से) जो (कुमार) जो कुछ भी प्राप्त करता है वह सब उसे दे दिया जायगा।'

५. राजा के आदेश को सुनकर राजकुमार तड़-तड़ की आवाज करते हुए, जलते हुए बांसों के उस घर में घुसकर हाथी आदि को निकाल लेते हैं।

६. किन्तु राजकुमार श्रेणिक के द्वारा जलते हुए उस मकान के भीतर प्रवेशकर शीघ्र ही चतुरता से बिम्ब नामक जयढक्का (नगाड़ा) प्राप्त कर ली गयी।

७. दूसरे राजकुमार मजाक में उपहास करते हुए हाथ में ली हुई (उस) बिम्ब (नगाड़ा) वाले श्रेणिक को 'बिम्बसार' कहते हैं।

८. इसको देखकर राजा ने सोचा- 'श्रेणिक के द्वारा अच्छा किया गया है जो कि राज्य के इस प्रथम अंग जयढक्का को प्राप्त किया गया।'

९. इसके बाद (कभी) एक बार राजकुमारों के पराक्रम, त्याग की परीक्षा करने के लिए राजा पकवान बनवाकर अपने कुमारों को भोजन करवाता है।

१०. पकवान परोसकर राजा के द्वारा कुत्तों के झुण्ड को (वहाँ) बुलवाया गया। दूसरे (राजकुमार) उनको आता हुआ देखकर भाग गये।

११. किन्तु कुमार श्रेणिक दोनों बगलों में स्थित दूसरे राजकुमारों की थालियों को लेकर कुत्तों के लिए फेंक देता है और भय से रहित मनवाला (वह) स्वयं की थाली जीमता रहता है।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

१२. उस वृतान्त को देखकर आनन्दित हुआ राजा सोचता हैं- 'यह (श्रेणिक) उदार है और वीर है (तथा) मेरे अन्य राजकुमार कायर हैं।'

१३. किसी दूसरे अवसर पर राजकुमारों की बुद्धि की परीक्षा करने के लिए (राजा) गिने हुए लड्डुओं की टोकरियों और पानी के कलशों को सीलबन्द करा देता हैं।

१४. तब उन (राजकुमारों) को बुलवाकर कहता है- 'हे पुत्र! अपनी बुद्धि के वैभव से सील तोड़कर लड्डुओं को खाओ और पानी को भी पिओ।'

१५. ऐसा कहे गये अपनी बुद्धि के घमण्डी वे (राजकुमार) उपाय को न प्राप्त करते हुए भूख-प्यास से सूखे शरीर वाले (होकर) दीनता को प्राप्त हुए।

१६. किन्तु श्रेणिक कुमार के द्वारा कलशों से झरती हुई बूदों के जल को लेकर और टोकरियों को हिलाकर (उनसे गिरी हुई) लड्डुओं की चूरी से भोजन कर लिया गया।

१७. श्रेणिक की बुद्धि के वैभव को इस प्रकार सुनकर आश्चर्य युक्त महाराजा सोचता है कि राज्याभिषेक के लिए यह (श्रेणिक) योग्य है।

000

पाठ १४ : सज्जन-स्वरूप

१. शुद्ध स्वभाव वाला सज्जन (व्यक्ति) दुर्जन व्यक्ति के द्वारा मलिन किया जाता हुआ भी राख के द्वारा (मले जाते हुए) दर्पण की तरह और अधिक निर्मल (स्वच्छ) होता है।

२. यह सत्कार्य किया गया, जो ब्रह्मा के द्वारा संसार में सज्जन (लोग) बनाये गये। (क्योंकि वे सज्जन) दर्शन किये जाने पर दुख को हरण करते हैं (एवं) बातचीत करते हुए (वे) सभी सुखों को प्रदान करते हैं।

३. न दूसरों पर हँसते हैं, न अपनी प्रशंसा करते हैं (और) सदा प्रिय बोलते हैं, यह सज्जन लोगों का स्वभाव है। उन (सज्जन) पुरुषों को बार-बार नमस्कार।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

४. सज्जन व्यक्ति के अनेक गुणों से क्या? दो(गुण)ही पर्याप्त हैं- बिजली की तरह (उनका क्षणिक) क्रोध एवं पत्थर की लकीर की तरह (उनकी) मित्रता।

५. प्रलय में पर्वत विचलित हो जाते हैं एवं समुद्र भी मर्यादा को त्याग देते हैं (किन्तु) उस (आपत्ति) समय में भी सज्जन व्यक्ति (अपनी) प्रतिज्ञा को शिथिल नहीं करते हैं।

६. यद्यपि ब्रह्मा के द्वारा सज्जन व्यक्ति चन्दन के वृक्ष की तरह फल-रहित (धन-रहित) बनाये गये हैं। फिर भी (वे) अपने शरीर से (भी) लोगों का परोपकार करते हैं।

७. सूर्य कहाँ उगता है? (और) कमल के वन कहाँ विकसित होते हैं? संसार में सज्जन लोगों का स्नेह (उनसे) दूर रहने वालों के लिए भी कम नहीं होता है।

८. सज्जन पुरुषों के हृदय विशाल वृक्षों की शाखाओं की तरह फल-समृद्धि (वैभव) में अच्छी तरह नम्र (और) फल (धन) के अभाव में ऊँचे (स्वाभिमानी) होते हैं।

९. सज्जन पुरुषों का कार्यरूपी वृक्ष (उनके) हृदय में पैदा हुआ, वहाँ पर ही बढ़ा और लोक में प्रकट नहीं हुआ। (वह केवल) फलों (परिणाम) के द्वारा देखा जाता है।

१०. सज्जन लोग स्पष्ट रूप से दूसरों के कार्य में तल्लीन और अपने कार्य के प्रति उदासीन होते हैं। (जैसे) चन्द्रमा पृथ्वी को सफेद करता है, (किन्तु) अपनी कालिमा को नहीं मिटाता है।

११. सत्य बोलने वाले, प्रतिज्ञा को पूरा करने वाले, बड़े कार्यों के भार को वहन करने वाले धैर्यशाली, प्रसन्नमुख सज्जन लोग चिरकाल तक जीवित रहने वाले हों।

000

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

पाठ १५ : सफल मनुष्य-जन्म

१. किसी एक श्रेष्ठ नगर में कलाओं में कुशल कोई (एक) व्यापारी था। (वह) गुरुओं के पास में रत्न-परीक्षा ग्रन्थ का अभ्यास करता है।

२. इसके बाद किसी एक दिन वह व्यापारी सोचता है कि अन्य रत्नों से क्या (लाभ) ? मणियों में शिरोमणि, सोचने मात्र से धन देने वाला चिन्तामणि (रत्न) है।

३. तब से वह उसके लिए अनेक स्थानों में खानों को खोदता है। फिर भी विभिन्न उपायों को करने से भी वह चिन्तामणि उसे प्राप्त नहीं होता है।

४. किसी ने (उसे) कहा— 'जहाज पर चढ़कर रत्नद्वीप में जाओ। वहाँ आशापुरी देवी है। (वह) तुम्हें इच्छित (फल) देगी।'

५. वहाँ रत्नद्वीप में इक्कीस दिनों में पहुँचा हुआ वह उस देवी की आराधना करता है। संतुष्ट हुई वह (देवी) इस प्रकार (उसे) कहती है —

६. 'हे भद्र ! तुम्हारे द्वारा आज मैं किस कार्य से पूजी गयी हूँ ?' वह कहता है— 'हे देवि! यह प्रयत्न चिन्तामणि रत्न के लिए है।'

७. तब उस (संतुष्ट) देवी के द्वारा उस रत्न-व्यापारी को चिन्तामणि रत्न दे दिया गया। संतुष्ट हुआ वह (व्यापारी) अपने घर जाने के लिए जहाज पर चढ़ गया।

८. जहाज के एक स्थान पर बैठा हुआ (वह) व्यापारी जब समुद्र के बीच में आया तभी पूर्व दिशा में पूर्णिमा का चाँद निकल आया।

९. उस चाँद को देखकर वह व्यापारी अपने मन में सोचता है— 'चिन्तामणि रत्न का प्रकाश अधिक है अथवा चन्द्रमा का ?'

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

१०, ऐसा सोचकर (वह) अपनी हथेली में चिन्तामणि रत्न को लेकर आँख से बार-बार रत्न और चन्द्रमा का निरीक्षण करता है।

११. और उसके दुर्भाग्य से इस प्रकार देखते हुए हथेली-प्रदेश से अत्यन्त छोटा और चमकदार वह रत्न समुद्र में गिर गया।

१२. उस (व्यापारी) के द्वारा बार-बार खोजे जाने पर भी समुद्र के बीच में गिरा हुआ समस्त रत्नों का शिरोमणि (वह) चिन्तामणि क्या किसी प्रकार प्राप्त हो सकता है? (नहीं)।

१३ उसी प्रकार बहुत प्रकार के सैकड़ों जन्मों में भ्रमण के द्वारा किसी-किसी प्रकार से प्राप्त मनुष्य-जन्म को जीव असावधानी (प्रमाद) से परवश होकर क्षणमात्र में खो देता है।

000

पाठ १६ : मनुष्य की कृतघ्नता

१. एक आदमी था। (एक बार) वह लकड़ी के लिए जंगल को गया और उसके द्वारा (वहाँ) सिंह देखा गया। उस (शेर) के भय से (वह आदमी) वृक्ष पर चढ़ गया।

२-३. उस ऊँचे वृक्ष पर (पहले से) चढी हुई एक बन्दरिया को देखकर भय को प्राप्त शरीर वाला वह (आदमी) सोचता है— 'दोनों के बीच में (मैं) घिर गया (हूँ)। 'यह एक तरफ व्याघ्र एवं दूसरी तरफ भरी हुई नदी' नामक विकट न्याय हो गया है।' तभी बन्दरिया के द्वारा वह कहा गया— 'हे पुत्र! डरो मत और काँपो मत।'

४. (इससे) वह आश्वस्त हो गया। वृक्ष के नीचे (वह) सिंह ठहर जाता है। रात्रि हुई। तब (वह) आदमी और (वह) बन्दरिया नींद लेने लगते हैं।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

५. बन्दरिया ने उसे कहा— 'मेरी गोद में सिर रखकर सो जाओ।' उस (आदमी) के द्वारा यही किया गया। (तब) सिंह उस बन्दरिया से कहता है।

६-७. 'मैं अत्यन्त भूख से युक्त हूँ। मनुष्य को (नीचे) छोड़ दो। मैं तुम्हारा अच्छा मित्र हो जाऊँगा और कभी तुम्हें उपकृत कर दूँगा। तुम एक कृतज्ञता-रहित खराब आदमी की क्यों रक्षा कर रही हो?' तब बन्दरिया ने कहा- 'मैं शरणागत को नहीं देती हूँ।'

८. (तब) बहुत से प्रतिकूल बचन कहकर (वहाँ पर) स्थित (वह) सिंह भी दुखी हो गया। और (तभी) जगा हुआ वह वनचर (आदमी) कहता है-- 'हे अम्बे! (बन्दरिया, अब) तुम सो जाओ।'

९-१०. उसकी गोद में सिर रखकर वह बन्दरिया भी सो गयी। (तब) सिंह कहता है- 'हे मनुष्य! मुझे यह बन्दरिया दे दो। इसको खाकर मैं चला जाऊँगा। तुम्हारा भी रास्ता (साफ) हो जायेगा।' यह सुनकर उस मनुष्य के द्वारा गोद से वह बन्दरिया (नीचे) फेंक दी गयी।

११. किन्तु वह बन्दरिया (अपनी) चतुरता से एक डाली में लटक गयी। तब वह कहती है- (हे मनुष्य!) 'तुम्हारे मनुष्य-जन्म और मनुष्य की कृतघ्नता के लिए धिक्कार है।'

१२. (प्रातःकाल) उस मार्ग से बहुत बड़ा काफला (यात्रिओं का समूह) निकला। उसकी आवाज से सिंह वहाँ से भाग गया और वह वनचर (आदमी) घर को चला गया।

000

पाठ १७ : नगर-वर्णन

१. (वह नगर) शत्रुओं को भय पैदा करने वाले विशाल किले से घिरा हुआ, सुन्दर, रमणीक मकर-तोरणों, गोपुरों और दरवाजों से युक्त (था)।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

२-३. अत्यन्त हरे-भरे उपवनों से सुशोभित समीप भाग वाले, बरामदों और झरोखों से युक्त, श्रेष्ठ चित्रों से युक्त, अनेक मंजिलों वाले, बर्फ की तरह सफेद, मानों नगरवासियों के यश के खंभों की तरह, भवनों से वह नगर हमेशा अत्यन्त रमणीय (रहता था)।

४-५ वहाँ अन्य-अन्य देशों से आये हुए व्यापार-कला में निपुण व्यापारी लोगों से उस नगर के निवासियों के द्वारा प्रतिदिन किये जाते हुए व्यापार से तथा बहु-मूल्य सैकड़ों किरानों से भरे हुए अन्त-भाग वाले अनेक बाजारों से (वह नगर) सुशोभित था।

६. ऊँचे मकर-तोरणों पर पवन से उड़ती हुई सफेद ध्वजाओं से बढ़ी हुई सुन्दरता वाले देव-मंदिरों से सुशोभित, सुन्दर प्रदेश वाला (वह नगर था)।

७. (वह नगर) श्वेत कमल के समूह से सुशोभित अनेक विशाल सरोवरों से और सीढ़ियों द्वारा सरलता से उतरने योग्य हजारों वापियों से (युक्त था)।

८. (वह नगर) श्रेष्ठ तिराहे, चौराहे, चौक, बगीचे, उद्यान, दीर्घिका आदि के द्वारा पद-पद पर देवताओं के भी मन को हरण करने वाला था।

९. समस्त नगरों में प्रधान एवं नगर के गुणों से युक्त देवताओं के नगर की आशंका उत्पन्न करने वाला (वह) श्री हस्तिनापुर नामक नगर था।

१०. जहाँ पर प्रिय बोलने वाले, धार्मिक क्रियाओं में लीन, चतुरता, त्याग और भोगों से युक्त तथा कलाओं में कुशल लोग रहते थे।

११. जिस नगर में नाना प्रकार के प्रयोजनों से प्रेरित इधर-उधर नित्य घूमते हुए जन-समुदाय से राज-मार्ग कठिनता से चलने वाले हो गये थे।

१२. जहाँ पर करोड़ों पताकाओं से पूरा आकाश-मार्ग ढक जाने से गर्मी के दिनों में भी लोग सूर्य की किरणों के ताप को अनुभव नहीं करते थे।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

१३. जिस नगर में घरों की दीवारों पर रखी हुई मणियों की किरणों से हमेशा अंधकार नष्ट हो जाने पर लोग बीती हुई रात्रि को नहीं जानते थे।

१४. जिस नगर की सुन्दरता को देखने के लिए आये हुए देवता कौतूहल से आकर्षित मनवाले होकर निर्निमेष (पलकों को न झुकाने वाले) नयनों वाले हो गए।

१५. धवल-गृहों के शिखरों पर लगी हुई पवन से प्रेरित पताकाएँ मानों सूर्य के सारथी को अत्यन्त ऊँचे जाने के लिए संकेत करती हैं।

१६. जिस नगर में पाद-प्रहार नाट्यभूमि में, दण्ड ध्वज-पताकाओं में और शीर्ष-छेदन ज्वार आदि धान्य में ही दिखायी देता है। (अर्थात् किसी व्यक्ति को लात मारने, दण्ड देने, सिर काटने आदि की सजा नहीं दी जाती थी)।

ooo

पाठ १८ : समुद्र-गमन

१. इसके बाद किसी एक समय में रात्रि व्यतीत होने पर समुद्रदत्त विचार करता है--'जो पिता के द्वारा कमाई हुई लक्ष्मी का उपभोग करता है वह अधम (निम्न) चरित्र वाला है।

२. उसके पढ़ने से क्या, बुद्धि से अथवा उसके गुण-समूह से क्या (लाभ) ?, जो कमाने में समर्थ होता हुआ भी पिता के द्वारा अर्जित धन को खाता है।

३. हाथ जोड़े हुए वह (समुद्रदत्त) माता एवं पिता के चरणों में नमनकर निवेदन करता है— 'मैं जल-मार्ग से बहुत-सा धन कमाकर आऊँगा।'

४. वे भी कहते हैं— 'हे पुत्र! हमारे घर में भी विपुल लक्ष्मी है। अतः हे पुत्र! तुम प्रतिदिन अपनी इच्छा से इसको ही भोगो।

५. तुम सैंकड़ों उपायों से प्राप्त एक मात्र ही हमारे पुत्र हो। सुखों से पालन किये गये तुम्हारे जैसों के लिए समुद्र-मार्ग किला (कठिन) है।'

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

६. उसके बाद उत्साह से आनन्दित शरीर वाले समुद्रदत्त ने कहा— 'सरल अथवा कठिन (कार्य) धैर्यशाली पुरुषों के लिए क्या (बाधा) करता है ?'

७. 'पूर्वज व्यक्तियों के द्वारा कमाये हुए धन आदि को कौन (व्यक्ति) इच्छा से खर्च नहीं करता है ? किन्तु जो स्वयं के द्वारा अर्जित (धन का) उपभोग करते हैं वे उत्तम पुरुष कोई (विरले) ही होते हैं।'

८. 'अधिक कहने से क्या, जैसे-तैसे (भी हो) मुझे अवश्य जाना है।' उस प्रकार के निश्चय को जानकर उनके (माता-पिता) द्वारा किसी-किसी प्रकार से (उसे) भेज दिया गया।

९. समुद्र की पूजा करके, माता-पिता के चरणों में नमनकर एवं उनके द्वारा आशीष दिया हुआ (वह) सेठ-पुत्र जहाज में चढ़ गया।

१०. वणिक्-पुत्रों के साथ, अनेक चतुर मित्रों सहित (वह समुद्रदत्त) अनुकूल पवन के द्वारा (किसी) एक द्वीप में पहुँचा।

११. वहीं पर ही बेचने योग्य माल को मन में इच्छित लाभ द्वारा बेचकर (एवं) नये (माल) को लेकर उस समुद्रदत्त द्वारा (घर की ओर) जहाज रवाना कर दिया गया।

१२. जब तक कुछ रास्ते को (वह जहाज) गया तभी कालिया हवा उठी, बादल हो गये एवं दुष्ट व्यक्ति की तरह (तेज) आवाज से मेघ गरजा।

१३. गरीबी से दुखी व्यक्ति के मन की तरह जैसे ही जहाज डोलता है, मल्लाह लोग शीघ्र ही नीचे लंगर डाल देते हैं।

१४. आकुल-व्याकुल हृदयवाला (वह समुद्रदत्त) जब तक विशाल पाल को फैलाता है और जब तक बहुत सी आयुलताओं (मृत्यु से बचने के उपायों) को फैलाता है–

१५, तभी समुद्र के बीच में वह जहाज इच्छित रहस्य की तरह नष्ट हो गया। कोई (वहीं) मर गया तो कोई फलक (लकड़ी के पाटिये) को प्राप्त कर (समुद्र) पार हो गया।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

१६. वह सेठ-पुत्र भी फलक को प्राप्त कर प्रियतम (मित्र) की तरह (उसका) सहारा ले लेता है और तैरता हुआ किसी-किसी प्रकार से गिरावर्त नामक पर्वत पर पहुँचता है। (और वह सोचता है—)

१७. 'पुरुषों के लिए आपत्ति ही कसौटी की तुलना को धारण करती हैं। इस (आपत्ति रूपी कसौटी) पर खरा उतरा हुआ जो (व्यक्ति) है, वास्तव में वही स्वर्ण की तरह खरा (शुद्ध) है।

000

पाठ १६ : गुरु-उपदेश

१. हे (मानव)! जीवों को मत मारो, (उन पर) दया करो, सज्जनों को अपमानित मत करो, क्रोधी मत होओ और दुष्टों में मित्रता मत रखो।

२. कुल का घमण्ड मत करो, दूर से ही धन के मद को त्याग दो, पाप में मत डूबो ज्ञान के प्रति वास्तविक रूप से सम्मान करो।

३. दूसरे दुखी लोगों पर मत हँसो, हमेंशा ही दीनों पर दया करो, सदा बड़ों की पूजा करो तथा इष्ट देवताओं की वन्दना करो।

४. परिजनों का सम्मान करो, प्रेमीजनों के प्रति उपेक्षा मत करो, मित्रजनों का अनुमोदन करो, यही सज्जनों का स्पष्ट (सरल) मार्ग है।

५. अनुकम्पा से रहित मत होओ, धूर्त (और) कृपा से रहित मत बनो, किन्तु संतोष करो, घमण्ड में स्थित मत होओ, (अपितु) दान में तत्पर बनो।

६. किसी की भी निन्दा मत करो, अपने गुणों को ग्रहण करने में संयमी होओ, अपनी प्रशंसा मत करो यदि निर्मल यश चाहते हो तो।

७. दूसरे के कार्य की निन्दा मत करो, अपने कार्य में वज्र के बने हुए की तरह (दृढ़) होओ (तथा) सम्पत्ति में नम्र होओ, यदि अपनी शोभा चाहते हो तो।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

८. यदि संसार में अच्छेपन की ध्वजा लेकर (चलना) चाहते हो तो लोगों को कडुआ मत बोलो और (उनके द्वारा) कडुआ बोले जाने पर भी मधुर (वचन) बोलो।

९. मजाक के द्वारा भी मर्म-वेधक और व्यर्थ के वचन मत बोलो। सच कहता हूँ— संसार में इससे (बड़ा कोई) दुर्भाग्य नहीं है।

१०. 'हे राजन्! शास्त्रों में, विद्वानों के वचनों में एवं धर्म में व्यसन (अभ्यास) तथा कलाओं में पुनरुक्त (बार-बार कथन) करो तब सज्जनों के बीच में गिनने के योग्य होओगे।

११. लोगों के दोष मात्र को मत ग्रहण करो, (उनके) विरले गुणों को भी प्रकाशित करो। (क्योंकि) लोक में घोंघों की प्रचुरता वाला समुद्र भी रत्नों की खान (रत्नाकर) कहा जाता है।

१२. जब तक (साहसी) पुरुष (कार्यों की तरफ अपना) हृदय (ध्यान) नहीं देते हैं तभी तक कार्य पूरे नहीं होते हैं। किन्तु (उनके द्वारा कार्यों के प्रति) हृदय लगाने से ही बड़े कार्य भी पूर्ण कर लिये जाते हैं।

१३. बर्फ की तरह शीतल एवं चन्द्रमा की तरह निर्मल सज्जन व्यक्ति पद-पद पर विचलित किये जाने पर भी उसके कारण से कोमल मृणाल के समान (अपने) स्नेहतन्तु को नहीं उखाड़ता है।

१४. निर्मल (चरित्र वाले) सज्जन पुरुषों के हृदय में थोड़ा भी अपमान क्षोभ उत्पन्न करता है। देखो, हवा से हलका धूलि का कण भी आँख को दुखाता है।

ooo

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

पाठ २० ; शिक्षा-नीति*

१. जैसे एक दीपक से सैंकड़ों दीपक जलते हैं और वह दीपक (भी) जलता है (वैसे ही) दीपक के समान आचार्य (स्वयं ज्ञान से) प्रकाशित होते हैं तथा दूसरे को प्रकाशित करते हैं।

२. जिस की गुरु में भक्ति नहीं (है) तथा (जिसका गुरु के प्रति) अतिशय आदर नहीं (है, और) गौरव-भाव नहीं (है) तथा (जिसको गुरु से) भय नहीं (है), और प्रेम नहीं है, उसका गुरु के सान्निध्य में रहने से क्या लाभ?

३. अविनीत के अनर्थ (होता है) और विनीत के समृद्धि (होती है), जिसके द्वारा यह दोनों प्रकार से जाना हुआ (है), वह विनय को ग्रहण करता है।

४. अच्छा तो, जिन (इन) पाँच कारणों से शिक्षा प्राप्त नहीं की जाती है — अहंकार से, क्रोध से, प्रमाद से, रोग से तथा आलस्य से।

५. आलस्य के साथ सुख नहीं (रहता है), निद्रा के साथ विद्या (संभव) नहीं (होती है), आसक्ति के साथ वैराग्य (घटित) नहीं (होता है, तथा) जीव-हिंसा के साथ दयालुता नहीं (ठहरती है)।

६. हे मनुष्यो! तुम (सब) निरन्तर जागो (कर्त्तव्यों के प्रति सजग रहो), जागते हुए (व्यक्ति) की प्रतिभा बढ़ती है, जो (व्यक्ति) सोता है (कर्त्तव्य के प्रति उदासीन है) वह सुखी नहीं होता है, जो सदा जागता है, वह सुखी होता है।

७. थोड़ा-सा ऋण, थोड़ा-सा घाव, थोड़ी-सी अग्नि और थोड़ी-सी कषाय (दुष्प्रवृत्ति भी) तुम्हारे द्वारा विश्वास किये जाने योग्य नहीं है, क्योंकि थोड़ा-सा भी वह बहुत ही होता है।

---

* यह अनुवाद 'समणसुत्तं - चयनिका' - डॉ० कमलचन्द सोगाणी की पुस्तक (पाण्डुलिपि) से लिया गया है। यह पुस्तक शीघ्र ही प्रकाश्य है।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

८. क्रोध प्रेम को नष्ट करता है, अहंकार विनय का नाशक (होता है), कपट मित्रों को दूर करता है, लोभ सब (गुणों का) विनाशक (होता है)।

९. (व्यक्ति) क्षमा से क्रोध को नष्ट करे, विनय से ज्ञान को जीते, सरलता से कपट को तथा संतोष से लोभ को जीते।

१०. ज्ञानपूर्वक अथवा अज्ञानपूर्वक अनुचित कार्य को करने वाला (व्यक्ति) अपने को तुरन्त रोके (और फिर) वह उसको दुबारा न करे।

११. जो (व्यक्ति) कुटिल (बात) नहीं सोचता है, कुटिल (कार्य) नहीं करता है, कुटिल (वचन) नहीं बोलता है तथा (जो) अपने दोष को नहीं छिपाता है, उसके आर्जव धर्म होता है। (जीवन में सरलता होती है)।

१२. सत्य (बोलने) में तप होता है, सत्य (बोलने) में संयम होता है तथा शेष (अन्य) सद्गुण भी (पालित होते हैं)।

१३ क्रियाहीन ज्ञान निकम्मा (होता है तथा) अज्ञान से (की हुई) क्रिया भी निकम्मी (होती है। प्रसिद्ध है कि) देखता हुआ (भी) लंगड़ा (व्यक्ति) और दौड़ता हुआ (भी) अन्धा व्यक्ति (आपस के बिना सहयोग के आग में) भस्म हुआ।

१४ (आचार्य ऐसा) कहते हैं— (कि ज्ञान और क्रिया का) संयोग सिद्ध होने पर फल (प्राप्त होता है) क्योंकि (ज्ञान अथवा क्रियारूपी) एक पहिए से (कर्त्तव्य रूपी) रथ नहीं चलता है। (समझो) अन्धा और लंगड़ा वे दोनों जंगल में इकट्ठे मिलकर जुड़े हुए (आग से बचकर) नगर में गये।

१५. चरित्रहीन (व्यक्ति) के द्वारा अति अधिक रूप से भी पढ़ा हुआ श्रुत क्या (प्रयोजन) सिद्ध करेगा ? जैसे अन्धे (व्यक्ति) के द्वारा जलाए गए भी लाखों, करोड़ों दीपक (उसके लिए क्या प्रयोजन सिद्ध करेंगे ?)

000

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

पाठ २१ : कुशल पुत्र

१. वसन्तपुर नगर में न्यायप्रिय लोगों में गौरव का स्थानरूप, अच्छे व्यवहार वाला नयसार नामक नगर-सेठ रहता था।

२-३. एक बार 'मेरे कुटुम्ब के पद के लिए उपयुक्त (पुत्र) कौन होगा।' इस चिन्ता से वह सेठ (अपने) तीनों पुत्रों की परीक्षा के लिए अपने स्वजन-बन्धुओं को और प्रमुख नागरिक जनों को (अपने) घर में निमन्त्रण देकर (तथा) विधि-पूर्वक भोजन कराकर उनके समक्ष कहता है—

४. 'मेरे इन तीनों पुत्रों में कुटुम्ब-पद के लिए योग्य कौन है?' (उसके द्वारा) ऐसा कहने पर उन्होंने कहा— 'तुम ही विशेष रूप से जानते हो- कौन योग्य है।'

५. 'यदि ऐसा है तो आपके समक्ष ही मैं (इनकी) परीक्षा करता हूँ।' ऐसा कहकर नागरिकों के समक्ष (उसने) उन तीनों पुत्रों को बुलवाया।

६. प्रत्येक-प्रत्येक (पुत्र) को सोने की लाख मुद्राएँ देकर व्यापार (करने) के लिए इनको उनके ही समक्ष विदेशों में भेज दिया।

७-८. तब उन पुत्रों में से एक पुत्र के द्वारा विचार किया गया— 'हमारे यह पिता धर्मप्रिय, अच्छा आचरण करने वाले और प्रायः दूरदर्शी हैं। प्राण-त्याग होने पर भी हमारे ऊपर कभी भी विपरीत नहीं सोचते हैं। अतः निश्चित ही यह (व्यापार को भेजना) किसी भी कारण (उद्देश्य) से होना चाहिए।'

९. इस प्रकार सोचकर उस (पुत्र) के द्वारा अपनी बुद्धि से किसी प्रकार से वैसा व्यापार किया गया कि जिससे वर्ष के अन्त में वह (मूल पूँजी) बढ़ा कर एक करोड़ कर ली गयी।

१०. दूसरे पुत्र के द्वारा यह सोचा गया कि 'मेरे पिता का पर्याप्त धन है। इसलिए कष्टों के जाल में (व्यापार में) अपने को व्यर्थ ही क्यों डालूँ?'

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

११. 'यदि सब कुछ ही मौज (खर्च) करलूँ तो वहाँ जाकर कैसे मुँह दिखाऊँगा ? इसलिए मूलधन को सुरक्षित रखकर शेष (मुनाफा आदि) को खा डालता हूँ। अधिक क्या सोचना ?'

१२. तीसरे अयोग्य पुत्र के द्वारा अपने मन में विचार किया गया कि— 'करोड़ों का स्वामी मेरा पिता बुढ़ापे के दोषों से युक्त हो गया है। जैसे कि—

१३. बुढ़ापे में मनुष्यों के प्रायः तृष्णा, लज्जा का नाश, भय की बहुलता. विपरीत बोलना आदि दोष उत्पन्न हो जाते हैं।

१४. अन्यथा वैभव (सम्पन्न) होते हुए (हमारे पिता) हम लोगों को विदेश में क्यों भेजते ?' ऐसा सोचकर वर्ष के अन्त तक (उसने) सब धन खा डाला (खर्च कर दिया)।

१५-१६. अपने निश्चित समय पर सभी (स्वजन) और वे वणिक्-पुत्र एकत्र हुए। फिर से उसी प्रकार सेठ के द्वारा भोजन आदि को कराकर स्वजन आदि के सामने प्रथम पुत्र को कुटुम्ब-पद पर, दूसरे (पुत्र) को भाण्डार-पद पर और तीसरे (पुत्र) को खेती आदि कार्यों में लगा दिया गया।

000

पाठ २२ : साहसी अगडदत्त

१. किसी एक दिन घोड़े पर चढ़ा हुआ वह राजपुत्र (अगडदत्त) बाहर के मार्ग से जा रहा था। तभी नगर में कोलाहल हो गया।

२. समुद्र की तरह क्या चला ? अथवा क्या भयंकर अग्नि जल उठी ? क्या शत्रु की सेना आ गयी ? अथवा क्या बिजली का दण्ड (वज्रपात) गिर पड़ा है ?

३. इसी बीच में अचानक आश्चर्य मन वाले कुमार के द्वारा सांकल सहित खम्भे को उखाड़कर आता हुआ पागल मद-हाथी देखा गया।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

४. महावत से रहित, सूँड के सामने आने वालों को मारता हुआ, मुख के सामने चलते हुए काल की तरह, अकारण क्रोधी,

५. पैर में बंधी हुई रस्सी को तोड़ता हुआ, भवनों, बाजारों और मंदिरों को चूर्ण करता हुआ प्रचंड वह हाथी क्षणमात्र में कुमार के सामने पहुँच गया।

६. उस प्रकार के रूप को धारण करने वाले उस हाथी और कुमार को देखकर नागरिक लोगों के द्वारा गंभीर स्वर से कहा गया— 'हाथी के रास्ते से हट जाओ। हट जाओ।'

७. सुन्दर गति से गमन करने वाले अपने घोड़े को छोड़कर कुमार के द्वारा इन्द्र के हाथी ऐरावत के समान वह हाथी ललकारा गया।

८. कुमार के शब्द को सुनकर मद-जल के प्रवाह को झराने वाला, क्रुद्ध यमराज की तरह वह हाथी कुमार की तरफ शीघ्र दौड़ा।

९. किन्तु प्रसन्नचित्त कुमार के द्वारा दुपट्टे को लपेटकर (उसे) दौड़ते हुए हाथी की सूँड़ के सामने फेंका गया।

१०. क्रोध से धम-धमाता हुआ (वह हाथी) दाँत से (कुमार पर) प्रहार करता है और वह कुमार उस हाथी के पिछले भाग पर दृढ़ मुष्टि के प्रहार से चोट करता है।

११, तब (वह हाथी) पलटता है, दौड़ता है, चलता है, लड़खड़ाता है तथा झुक जाता है। क्रोध से धम-धमाता हुआ वह चक्र-भ्रमण की तरह घूमता है।

१२. अति बहुत समय तक उस श्रेष्ठ हाथी को (कई चक्कर) खिलवाकर अपने वश में करके (वह कुमार) तभी उसके कन्धे पर चढ़ गया।

१३. और नगर के सभी लोगों के लिए मनोहर उस गज-क्रीडा को अन्तःपुर (रनिवास) के साथ राजा ने देखा।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

१४-१५. वह राजा हाथी के कन्धे पर स्थित इन्द्र की तरह उस कुमार को देखकर अपने परिजनों को पूछता है— 'गुणों का खजाना, तेज से सूर्य एवं सौम्यता से चन्द्रमा की तरह, सभी कलाओं की प्राप्ति में कुशल, बुद्धिमान, वीर एवं रूपवान यह बालक (राजकुमार) कौन है ?' (उसे मेरे पास लाओ)।

६१. मयूर को कौन चित्रित करता है और राजहंसों की गति को कौन बनाता है ? कौन कमलों की सुगन्ध को तथा अच्छे कुल में उत्पन्न व्यक्ति की विनय को (कौन बनाता है)?

१७. गुच्छों के भार से धान्य के पौधे, पानी से मेघ, फलों के भार से वृक्षों के शिखर और विनय से सज्जन पुरुष झुक (नम्र) जाते हैं, किन्तु किसी के भय से नहीं झुकते हैं।

ooo

पाठ २३ : अहिंसा-क्षमा

१. अहिंसा-संयम-तपरूप धर्म सर्वोच्च कल्याण (होता है)। किसका मन सदा धर्म में (लीन है?), उस (व्यक्ति) को देव भी नमस्कार करते हैं।

२, जैसे जगत् में मेरुपर्वत से ऊँचा (कुछ) नहीं (है, और) आकाश से विस्तृत (भी कुछ) नहीं है, वैसे ही अहिंसा के समान (जगत् में श्रेष्ठ एवं व्यापक) धर्म नहीं है, (यह तुम) जानो।

३. सब ही जीव जीने की इच्छा करते हैं मरने की नहीं, इसलिए संयत व्यक्ति उस पीड़ादायक प्राणवध का परित्याग करते हैं।

४. जैसे तुम्हारे (अपने) लिए दुःख प्रिय नहीं है, इसी प्रकार (दूसरे) सब जीवों के लिए जानकर उचित रूप से सब (जीवों) से स्नेह करो (तथा) अपने से तुलना के द्वारा (उनके प्रति) सहानुभूति (रखो)।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

५. जीव का घात खुद का घात (होता है), जीव के लिए दया खुद के लिए होती है उस कारण से आत्म-स्वरूप को चाहने वालों (महापुरुषों) के द्वारा सब जीवों की हिंसा छोड़ी हुई (है)।

६. अहिंसा ही सभी आश्रमों का हृदय और सभी शास्त्रों का उत्पत्ति-स्थान (आधार), सभी व्रतों का सार (तथा) सभी गुणों का समूह (है)।

७. जो महापापी (व्यक्ति) क्षण मात्र के सुख के लिए जीवों को मारते हैं, वे राख (प्राप्ति) के लिए हरिचन्दन के वन-समूह को जलाते हैं।

८. भूसे के समान (सारहीन) उन करोड़ों पदों (शिक्षा-वाक्यों) को पढ़ लेने से क्या लाभ (है), जो इतना (भी) नहीं जाना (कि) दूसरे के लिए पीड़ा नही करनी (पहुँचानी) चाहिए।

९. मरण के भय से डरे हुए जीवों की जो निरन्तर रक्षा की जाती है, उसे सभी दानों में सिरमौर अभयदान जानो।

१०. जो दयायुक्त मनुष्य हमेशा जीवों के लिए अभय-दान देता है उस (व्यक्ति) के लिए इस जीवलोक में कहीं से भी भय उत्पन्न नहीं होता है।

११. क्षमा (गुण) से रहित (अन्य) सभी गुण सौभाग्य को प्राप्त नहीं होते हैं। जैसे-तारक समुदाय से युक्त (भी) रात्रि कलायुक्त चन्द्रमा के बिना (शोभा को प्राप्त नहीं होती है)।

१२. (मैं) सब जीवों को क्षमा करता हूँ, सब जीव मुझको क्षमा करें, मेरी सब प्राणियों से मित्रता [है], किसी से मेरा वैर नहीं है।*

000

* गाथा नं० १ से ५ एवं १२ का अनुवाद 'समणसुत्तं-चयनिका' - डॉ० कमलचन्द सोगाणी की पाण्डुलिपि से लिया गया है।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

पाठ २४ : अहिंसक बाहुबली

१. तक्षशिला में हमेशा से राजा भरत का विरोधी महान् बाहुबली (था)। वह उसकी आज्ञा के अनुसार सदा (उसे) प्रणाम नहीं करता था।

२-३. इसके बाद उसके ऊपर क्रोधी चक्रधर भरत) सम्पूर्ण साधनों से युक्त (तथा) समस्त सेना के साथ शीघ्र गति वाला (वह) नगर से निकला। 'जय' शब्द के उद्घोष की कलकल की आवाज (से युक्त) वह भरत तक्षशिला पुर को पहुँचा। (और) उसी क्षण युद्ध के लिए तैयार हो गया।

४. महान् बाहुबली भी आये हुए भरत राजा को सुनकर सुभटों के बड़े समूह के साथ तक्षशिला से निकला।

५. बल के घमण्ड से गर्वित (तथा) बजते हुए रणवाद्यों वाली दोनों सेनाओं का, नाचते हुए धड़ों से दर्शनीय भीषण मरण प्रारम्भ हुआ।

६. और (तब) बाहुबली के द्वारा भरत (को) कहा गया— 'लोगों के वध से क्या लाभ ? युद्धभूमि के बीच में (हम) दोनों का दृष्टि एवं मुष्टि द्वारा ही युद्ध हो जाय।'

७. तब इस प्रकार कहने मात्र पर (वे) दृष्टि-युद्ध लड़ने लगे। और चक्षु का प्रसार पहले भग्न करने वाला (पलक झपकाने वाला) भरत (बाहुबली के द्वारा) जीत लिया गया।

८-९. फिर अत्यन्त दर्प को धारण करने वाले, एक दूसरे की भुजाओं में गुथे हुए, चंचल पैरों की तीव्र गति से और हथेलियों को चतुराई से लड़ाने वाले, आधी (चमकी हुई) बिजली की जोत के बन्धन की तरह मारने के लिए उठे हुए हाथों के विपरीत दाँव-पेंच को बनाने वाले, न टूटने (झुकने) वाले (वे दोनों) महापुरुष आमने-सामने होकर [मुष्टि] युद्ध करते हैं।

१०. इस प्रकार (दूसरे) युद्ध में भी भुजाओं के बली (बाहुबली) द्वारा राजा भरत

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

जीत लिये गये। तब अत्यन्त क्रोधी (भरत) उस (बाहुबली) के वध के लिए (उसके ऊपर) चक्र-रत्न को छोड़ता है।

११. जाकर (बाहुबली को) मारने में असमर्थ सुदर्शन (चक्र भरत के पास) वापस लौट गया। उसी क्षण बाहुबली को वैराग्य उत्पन्न हो गया।

१२. (बाहुबली) कहता है— 'आश्चर्य है, जो विषयों में लोभी (और) कषायों (दुष्प्रवृत्तियों) के वशीभूत पुरुष बिना विरोध (वैर) के भी एक दूसरे का अकाज (अनिष्ट) करते हैं।

१३. (जैसे व्यक्ति) राख के लिए चन्दन और डोरे के लिए मोती को नष्ट करते हैं, वैसे ही मानव-भोगों में मूढ मनुष्य (जीवन की) श्रेष्ठ उपलब्धियों को (तुच्छ वस्तुओं के लिए) नाश करते हैं।

000

पाठ २५ : कथा-वर्णन

१. वे चिन्तनशील सज्जनरूपी सूर्य सदा उत्कर्ष को प्राप्त करते हैं, जिनके संसर्ग में अच्छे अक्षर-समूह वाले (एवं) दोष से रहित कथा-काव्य कमल-समूह की तरह विकसित होते हैं।

दूसरा अर्थ : आकाश में विचरण करने वाले वे सूर्य सदा विजयी होते हैं, जिनके संसर्ग में अच्छे पत्तों के समूह वाले, रात्रि को न देखने वाले कमलवन विकसित होते हैं।

२. वह विजयी हो, जिसके द्वारा सज्जनों की तरह दुर्जन भी इस लोक में बनाये गये हैं; (क्योंकि) अंधकार के बिना चन्द्रमा की किरणें भी गुणोत्कर्ष को नहीं पाती हैं।

३. सज्जन की संगति से भी निश्चय ही दुर्जन की कालिमा (दुष्टता) दूर नहीं होती है। (क्योंकि) चन्द्रमण्डल के बीच में रहने वाला मृग भी काला ही (है)।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

४, उस (भूषण भट्ट) के तुच्छ बुद्धिवाले भी पुत्र कोऊहल के द्वारा यह लीलावई नामक (काव्य) रचा गया है। (उस) कथा-रत्न को सुनो —

५. चन्द्ररूपी सिंह के किरणरूपी अस्त्र (पंजे) से विदारित अंधकार रूपी हाथी के कुम्भस्थल पर फैले हुए नक्षत्ररूपी मुक्ताफल के प्रकाश वाली शरद ऋतु की रात्रि में (उस कथारत्न को सुनो—)

६. इस शरद से चन्द्रमा, चन्द्रमा से भी रात्रि, रात्रि से कुमुदवन, कुमुदवन से भी नदी-तट और नदी-तट से हंस-समूह शोभित होता है।

७ नये कमलनाल के कषैलेपन से विशोधित कंठ से निकले हुए मनोहर (स्वरवाले एवं) शरदरूपी लक्ष्मी के चरणों के नूपरों की आवाज की तरह हंसों का कलरव सुनो।

८, शीतलता से युक्त जल की तरंग के सम्पर्क से ठण्डा किया गया, (और) अर्द्ध विकसित मालती (पुष्प) की सुन्दर कली की सुगन्ध से उत्कृष्ट पवन बह रहा है।

९. दश दिशारूपी बन्धुओं के मुख पर तिलक-पंक्ति की तरह सरोवर के जल में स्वच्छ तरंगों में हिलते हुए वृक्षों वाली यह वनराजि भी शोभित हो रही है।

१०, पुण्य (पवित्र आचरण) के शासन की तरह, सुख-समूहों की जन्म-उत्पत्ति की तरह, आचारों का आदर्श (तथा) सदा गुणों के लिए अच्छे क्षेत्र की तरह (वह देश था)।

११. इस प्रकार के उस (प्रतिष्ठान) नगर में समस्त गुणों से व्याप्त शरीरवाला (एवं) संसार में अच्छी तरह विस्तृत यशवाला सातवाहन राजा (था)।

१२. जो वह (राजा) शरीर से रहित होते हुए भी समस्त अंगों व अवयवों से सुन्दर, सुभग (था) अर्थात् युद्धरहित होते हुए भी अमात्य आदि सभी राज्यागों से युक्त

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

सौभाग्यशाली था)। कुरूप (दुर्लभ दर्शन वाला) होते हुए भी (वह) लोगों नयनों के लिए आनन्द उत्पन्न करने वाला था।

१३ कुपति (पृथ्वीपति) होते हुए भी (वह राजा) प्रियाओं के लिए प्रिय था तथा दूसरों के सामने झुका हुआ (नीति युक्त होता हुआ) भी (वह) साहसी था। तथा शत्रुओं से डरा हुआ (परलोक से भयभीत) भी वीर रस से युक्त (धर्म, दान आदि में वीर) था।

१४. सूर्य (वीर) होते हुए भी सात अश्वों वाला (भययुक्त) नहीं (था)। चन्द्रमा (कीर्ति युक्त) होते हुए भी नित्य कलंक से रहित (था)। सर्प (भोगी) होते हुए भी दो जीभवाला (दुर्जन) नहीं (था)। ऊँचा (स्वाभिमानी) होते हुए भी समीप से (सेवकों को) फल देने वाला था।

१५. जगत् में अपने तेज से संसार को आक्रान्त करने वाले एवं सुशोभित मंडलवाले चन्द्रमा की तरह जिस राजा की शत्रु लोगों के द्वारा पीठ (कभी) नहीं देखी गयी।

१६. जिस राजा के बिना अच्छे कवियों की चिरकाल से सोची गयी काव्य-कल्पनाएँ दुखी-जनों के मनोरथों की तरह हृदय में ही स्थिर रहती हैं (अर्थात् पूरी नहीं होती हैं)।

000

पाठ २६ : जीवन-मूल्य*

१. वह मित्र बनाए जाने योग्य होता है, जो निश्चय ही (किसी भी) स्थान पर (तथा किसी भी) समय में विपत्ति पड़ने पर दीवाल पर चित्रित पुतले की तरह विमुख नहीं रहता है।

---

* यह अनुवाद 'वज्जालग्गं में जीवन-मूल्य भाग १' – डॉ० कमलचन्द सोगाणी की पुस्तक (पाण्डुलिपि) से लिया गया है। उनकी यह पुस्तक शीघ्र प्रकाश्य है।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

२. स्नेह के लिए (इस जगत् में कुछ भी) अलंघनीय (कठिन) नहीं हैं; समुद्र पार किया जाता है, प्रज्वलित अग्नि में (भी) प्रवेश किया जाता है (तथा मरण) (भी) दिया जाता है (स्वीकार किया जाता है)।

३. तीनों लोकों में केवल अकेले चन्द्र-प्रकाश के द्वारा स्नेह व्यक्त किया जाता है (क्योंकि) जो (वह प्रकाश) क्षीण चन्द्रमा में क्षीण होता है (और) बढ़ते हुए (चन्द्रमा) में बढ़ता है।

४. किसी तरह किसी भी (स्नेही) के लिए किसी भी (स्नेही) के द्वारा देख लिये जाने से परितोष (आनन्द) होता है। इसी प्रकार सूर्य से कमल-समूहों का (स्नेह के अतिरिक्त और) क्या प्रयोजन, जिससे (वे) खिलते हैं ?

५. कुल से शील (चरित्र) श्रेष्ठतर है; तथा रोग से निर्धनता (अधिक) अच्छी है; राज्य से विद्या श्रेस्ठतर है; तथा अच्छे (श्रेष्ठ) तप से क्षमा श्रेष्ठतर है।

६. (उच्च) कुल से शील (चरित्र) उत्तम होता है, विनष्टशील के होने पर (उच्च) कुल के द्वारा क्या लाभ होता है ? कमल कीचड़ में पैदा होते हैं, किन्तु मलिन नहीं होते हैं।

७. जो (योग्य व्यक्ति की) इच्छा का अनुसरण करता है, (उसके) मर्म (गुप्त बात) का रक्षण करता है, (उसके) गुणों को प्रकाशित करता है, वह न केवल मनुष्यों का, (किन्तु) देवताओं का भी प्रिय होता है।

८. लवण के समान रस नहीं है, ज्ञान के समान बन्धु नहीं है, धर्म के समान निधि नहीं है. और क्रोध के समान वैरी नहीं है।

९. कार्य तेजी से करो, प्रारम्भ किये गए कार्य को किसी तरह भी शिथिल मत करो (क्योंकि) प्रारम्भ किये गए (तथा) फिर शिथिल किये गए कार्य सिद्ध (पूरे) नहीं होते हैं।

१०. खल-चरण में झुककर जो त्रिभुवन भी उपार्जित किया जाता है, उससे क्या

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

लाभ ? सम्मान से जो तृण भी उपार्जित किया जाता हैं, वह सुख उत्पन्न करता है।

११. यदि हंस मसाण (मरघट) के मध्य में रहता है (और) कौआ कमल-समूह में रहता है, तो भी निश्चित ही हंस, हंस है और बेचारा कौआ, कौआ ही (है)।

१२. जहाँ जय-लक्ष्मी रहती है, उस पुरुष की पूर्ण आदर से रक्षा करो। (क्योंकि) चन्द्र-बिंब के अस्त होने पर तारों द्वारा प्रकाश नहीं किया जाता है।

१३. जिस तरह राजा के आँगन में स्थित हाथी की महिमा (होती है, किन्तु) विन्ध्य पर्वत के शिखर पर (स्थित हाथी की महिमा) नहीं (होती है), उसी तरह (उचित) स्थानों पर गुण खिलते हैं।

१४. जो पुरुष गुणहीन हैं, वे मूढ़ (ही) कुल के कारण गर्व धारण करते हैं। (ठीक ही है) बाँस से उत्पन्न धनुष भी रस्सी (गुण) से रहित होने पर टंकार वाला नहीं (होता है)।

१५. बहुत बड़े वृक्षों के बीच में सर्प-दोष के कारण चन्दन की शाखा काट दी जाती है, जैसे अपराध रहित भद्र पुरुष दुष्ट-संग के कारण (कष्ट दिया जाता है)।

000

पाठ २७ : गाथा-माधुरी

१. वे सज्जन पुरुष विरले (दुर्लभ) हैं, जिनका स्नेह मुख की प्रसन्नता को नष्ट न करता हुआ (एवं) ऋण की तरह दिनों-दिन बढ़ता हुआ पुत्रों में संक्रान्त (प्राप्त) होता है।

२. स्नेह प्रदान के द्वारा पोषण किया जाता हुआ (भी) दुष्ट व्यक्ति जहाँ पर ही रहता है उस ही (आधार) स्थान को शीघ्रता से मलिन कर देता है, जैसे तेल

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

से जलाया जाता हुआ (भी) दीपक अपने आधार (स्थान) को काला कर देता है।

३. गरमी की धूप से तपे हुए राहगीर के लिए अपनी छाया के समान, कंजूस आदमी की धन-समृद्धि होती हुई भी निष्फल ही (न होने के बराबर) होती है।

४. दुष्ट व्यक्ति में की जाती हुई ही मैत्री पानी में (खींची जाती हुई) लकीर की तरह नष्ट हो जाती है। किन्तु सज्जन (व्यक्ति) में की हुई वह (मैत्री) पत्थर की लकीर की तरह अमिट (हो जाती है)।

५. सज्जन (प्रथम तो) क्रोधित ही नही होता है, यदि क्रोधित होता है (तो) बुरा नहीं सोचता है। यदि (बुरा) सोचता है (तो बुरा) कहता नहीं हैं (और) यदि कहता है (तो उसके लिए) लज्जित होता है।

६. धन वह, जो हाथ में (हो), मित्र वह जो आपत्ति में (भी) अन्तर न लाये, वह सौन्दर्य (है), जहाँ गुण (हों और) वह विवेकपूर्वक ज्ञान है, जहाँ चरित्र हो।

७. अन्तिम अवस्थाओं (संकट की घड़ियों) में भी स्वाभिमानी (व्यक्ति) का हृदय ऊँचा ही रहता है। अस्त होने के समय में भी सूरज की किरणें ऊपर की ओर ही चमकती हैं।

८. हे माता! पक्षी भी परेशान हुए बिना अपना पेट भर लेते हैं। किन्तु आपत्तिग्रस्त (लोगों) का उद्धार करने वाले सज्जन व्यक्ति कोई-कोई ही होते हैं।

९. अधिक क्रोध से कलुषित भी सज्जन के मुखों से (बातों से) अप्रिय (वचन) कहाँ से (निकलेंगे)? राहु के मुख में भी चन्द्रमा की किरणें अमृत को छोड़ती हैं।

१०. वैभव से हीन सज्जन (व्यक्ति) अपमानित हुआ भी उस प्रकार से खिन्न नहीं

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

होता है, जिस प्रकार कि दूसरे से सम्मानित किया जाता हुआ भी (सम्मान का) बदला चुकाने के लिए असमर्थ होने से (दुःखी होता है)।

११. सज्जन पुरुष आपत्ति में घबराहट-रहित, सम्पत्ति में गर्व-रहित, भय में धैर्यशाली (और) अनुकूल (तथा) प्रतिकूल (परिस्थितियों) में एक समान स्वभाव वाले होते हैं।

१२. ईख और कुलीन व्यक्ति पीड़ित किये जाने पर (दबाने पर) भी रस (आनन्द) उत्पन्न करते हैं। (वे) जिह्वा में प्रिय (स्वाद, वचन) करते हैं (तथा) हृदय में शान्ति (शीतलता) करने के लिए होते हैं।

१३ शरद ऋतु में बड़े तालाबों के जल क्रोधित सज्जनों के हृदयों के समान बाहर से गरम और अन्दर से शीतल हो गये हैं।

१४. (गर्मी से) संतप्त भैंसा सांप को पहाड़ी झरना है, ऐसा (समझकर) जीभ से चांट रहा है (और) साँप भैंसे की लार को काले पत्थर का झरना है, ऐसा (समझता हुआ) पी रहा है।

१५. हे पथिक! देखो दोपहर में छाया भी धूप के भय से शरीर के नीचे छिपी हुई (है और) तनिक भी (बाहर) नहीं निकल रही है, तो (तुम भी) विश्राम क्यों नहीं कर लेते हो।

१६. उतना ही प्रेम दो (करो), जितना मात्र निभाना संभव हो। सभी व्यक्ति प्रेम या कृपा (प्रसाद) के कम होने से (उत्पन्न) दुःख को सहन करने में समर्थ नहीं (हैं)।

000

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

पाठ २८ : बुद्धिमान रोहत

१. वहाँ (उज्जैनी) में अपने रूप से इन्द्र को जीतने वाला, घमण्डी राजाओं का दलन करने वाला, युद्ध में शत्रुओं को जीतने वाला जितशत्रु नामक राजा (है)।

२. और उस श्रेष्ठ नगरी के समीप में फैला हुआ, धन-धान्य से युक्त शिलाग्राम नामक (एक) गाँव है।

३. वहाँ नाटकों में कुशल, बुद्धिमान भरत नामक नट है। उसके अपनी बुद्धि से प्राप्त शोभा वाला रोहत नामक पुत्र है।

४. तब भरत सोचता है- देखो, बालकों की कैसी बातचीत (होती है)? और उसके बाद एक दिन पुत्र के साथ भरत उस उज्जैनी को गया।

५-६. वहाँ क्रय-विक्रय आदि करके अपने गाँव की तरफ आता हुआ वह (भरत) जब क्षिप्रा नदी के पास में पहुँचा तब उसने कहा— 'हे रोहत! बाजार के बीच में मेरी (एक सामान की) पुड़िया भूल गयी है। तुम ठहरो, जब तक मैं (उसे) लेकर वापिस लौटता हूँ।

७. ऐसा कहकर भरत के चले जाने पर तब बालकपने से उस रोहत के द्वारा क्षिप्रा नदी की रेत पर उज्जैनी (चित्र में) बना दी गयी।

८. इसी समय में सेना की धूलि के भय से आगे होकर घोड़े पर चढ़ा हुआ राजा जैसे ही वहाँ (चित्र के पास) आता है, तब रोहत के द्वारा वह रोका गया।

९. 'हे घुड़सवार! उज्जैनी के बाजार-मार्ग के बीच से जितशत्रु राजा के राजकुल को लांघकर आगे कैसे जा रहे हो?'

१०. तब आश्चर्यचकित राजा उससे पूछता है— 'हे भद्र! कहाँ है (यहाँ) उज्जैनी?' तब रोहत रेत पर बनी हुई (उज्जैनी) उसे दिखाता है —

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

११-१२. यहाँ बाजार-मार्ग, यहाँ राजकुल, यहाँ हस्तिशाला, यहाँ महल, यहाँ अश्व-शाला (है)। तब उसे देखकर उसके बुद्धि-वैभव से प्रसन्न हृदयवाला राजा मन में सोचता है— 'यह (रोहत) मेरे मन्त्रिमण्डल के शिरोमणि पद के (महा मन्त्री) योग्य है। ऐसा –

१३. सोचकर उसको इस प्रकार पूछता है— 'हे पुत्र! कहाँ के रहने वाले, किसके पुत्र हो?' (वह) कहता है— 'मैं शिलाग्राम में भरत का पुत्र हूँ।'

१४. उसकी श्रेष्ठ बुद्धि के वैभव को जानते हुए राजा नगर को गया। वह (रोहत) भी (वापिस) आये हुए पिता के द्वारा अपने गाँव में ले जाया गया।

१५. उसकी बुद्धि की श्रेष्ठता द्वारा आनन्द से भरा हुआ राजा एक बार क्षुद्र (बनावटी) आदेश के द्वारा (रोहत के पास, एक) मुर्गे को भेजकर कहता है—

१६, 'कि इस अकेले (मुर्गे) का लड़वाओ।' तब रोहत ने कहा— (उपाय बताया) कि उस मुर्गे को दर्पण में (उसके) प्रतिबिम्ब से लड़वाओ।

१७. राजा आदेश देता है कि— 'रेत की रस्सी बंटकर भेजो।' रोहत कहता है— 'नमूने के लिए पुरानी (रेत की) रस्सी को भेज दो।'

१८. इसके बाद राजा लगभग मरे हुए हाथी को भेजता है और कहलवाता है कि— (इसकी) मृत्यु के समाचार के अतिरिक्त प्रतिदिन ही (मुझे) हाथी का समाचार कहा जाना चाहिए।'

१९. वे (गाँव वाले) भी प्रतिदिन ही राजा को हाथी का वृतान्त कहते हैं। किन्तु एक दिन हाथी के मर जाने पर भरतपुत्र (रोहत) कहलवाता है—

२०. 'हे राजन! हाथी न चरता है, न चलता है, न साँस लेता है और न निश्वाँस लेता है, न पीता है, न देखता है, केवल (उसका) निश्चेष्ट शरीर स्थित है।'

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

२१. तो राजा कहता हैं— 'अरे! क्या हाथी मर गया?' तब वे कहते हैं कि— 'स्वामी, (आप) ऐसा कह रहे हैं, हम नहीं।'

२२-२३. राजा ने कहा— 'अपने मीठे पानी के कुँए को भिजवाओ।' (उन्होंने कहा) 'हे देव! आपके समक्ष हमारा कुँआ अज्ञानी है। अतः आप अपने नगर के (चतुर) कुँए को भेजें, जिससे हे स्वामी! जिज्ञासु (हमारा कुँआ) उसके मार्ग के पीछे लगा हुआ (आपके पास) आ जायेगा।'

२४. किसी अन्य समय में— 'यहाँ जो (गाँव के पश्चिम में) वन-खण्ड है उसे पश्चिम से पूर्व दिशा में कर देना चाहिये।' (राजा के द्वारा ऐसा कहे जाने पर) उस रोहत के द्वारा गाँव को उजाड़कर (वन के पश्चिम में वसाकर) वह भी कर दिया गया।

२५. 'अग्नि एवं सूर्य के बिना भी खीर पकवाओ।' ऐसा क्षुद्र आदेश भेजे जाने पर (उस रोहत द्वारा) घूरे (की गर्मी) से खीर बनायी गयी।

२६. 'यह सब कुछ किसके द्वारा किया गया।' ऐसा पूछने पर 'रोहत ने किया' ऐसा उत्तर में कहे जाने पर प्रसन्न मनवाले राजा ने एक दिन बुलवाया (कि वह) मेरे पास आए।

२७. उस समय से राजा को उस रोहत में बहुत पक्षपात (प्रेम) हो गया। और बुद्धिगुण के द्वारा सबके ऊपर (उसे) मन्त्री स्थापित कर दिया गया।

ooo

पाठ २६ : जीवन-व्यवहार

१. ज्ञान का प्रकाश (ही सच्चा) प्रकाश (है। क्योंकि) ज्ञान के प्रकाश की (कोई) रुकावट नहीं है। सूरज थोड़े क्षेत्र को प्रकाशित करता है, (किन्तु) ज्ञान पूरे संसार को।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

२. यदि अधिक न कर सको तो थोड़ा-थोड़ा ही धर्म करो। बूँद-बूँद से समुद्र बन जाने वाली महानदियों को देखो।

३. विनय से रहित व्यक्ति की सारी शिक्षा निरर्थक हो जाती है। विनय शिक्षा का फल है (और) विनय का फल सबका कल्याण है।

४. जल, चन्दन, चन्द्रमा, मुक्ताफल, चन्द्रमणि (आदि) मनुष्य को उस प्रकार सुखी नहीं करते हैं, जिस प्रकार अर्थयुक्त, हितकारी, मधुर और संयत वचन (सुखी करते हैं)।

५. जिस प्रकार गंधरहित पुष्प भी देवता का प्रसाद है, ऐसा मानकर सिर पर रख लिया जाता है उसी प्रकार सज्जन लोगों के बीच रहने वाला दुर्जन भी पूज्यनीय हो जाता है।

६. दुर्जन की संगति से सज्जन भी निश्चय ही अपने गुण को छोड़ देता है। जैसे जल अग्नि के संयोग से (अपने) शीतल-स्वभाव को छोड़ देता है।

७. सज्जन लोग (अपने गुणों को) वाणी से न कहते हुए कार्यों से प्रकट करने वाले होते हैं और अपने गुणों को न कहते हुए वे मनुष्य-लोक में ऊपर उठे हुए हैं।

८. नहीं कहने वाले भी मनुष्य के विद्यमान गुण नष्ट नहीं होते हैं। जैसे (अपने तेज का) बखान न करने वाले सूरज का तेज संसार में प्रसिद्ध है।

९. आत्म-प्रशंसा को हमेशा (के लिए) छोड़ दो, (अपने) यश के विनाश करने वाले मत बनो। क्योंकि अपनी प्रशंसा करता हुआ मनुष्य लोगों में तिनके के समान हल्का हो जाता है।

१०. वचन से (अपने) गुणों को जो कहना है, वह उन गुणों का नाश करना होता है और आचरण से गुणों का प्रकट करना उनका विकास करना होता है।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

११. जो (व्यक्ति) दूसरे की निन्दाकर अपने को (गुणवानों में) स्थापित करने की इच्छा करता है, वह दूसरों के द्वारा कड़वी औषधि पी लेने पर (स्वयं) आरोग्य चाहता है।

१२ क्रोध से मनुष्य का अत्यन्त प्यारा व्यक्ति भी मुहूर्त (क्षण) भर में शत्रु हो जाता है। क्रोधी व्यक्ति के अनुचित आचरण से अत्यन्त प्रसिद्ध उसका यश भी नष्ट हो जाता है।

१३. घमण्डी व्यक्ति सबका वैरी हो जाता है। मानी व्यक्ति इस लोक और परलोक में कलह, भय, वैर, दुःख और अपमान को अवश्य ही प्राप्त करता है।

१४. अभिमान से रहित मनुष्य संसार में स्वजन और जन-सामान्य (सभी) को सदा प्रिय होता है और ज्ञान, यश, धन (आदि) को प्राप्त करता है तथा अपने कार्य को सिद्ध कर लेता

ooo

पाठ ३० : कवि-अनुभूति*

१. इस लोक में वे कवि जीतते हैं (सफल होते हैं), जिनकी वाणियों (काव्यों) में सफल अभिव्यक्ति विद्यमान (है। और इसलिए) यह जगत् या तो हर्ष से पूर्ण या तिरस्कार योग्य देखा जाता है।

२. स्वकीय वाणी के द्वारा ही निज के गौरव को स्थापित करते हुए जो निश्चय ही प्रशंसा प्राप्त करते हैं, वे महाकवि इस लोक में जीतते हैं (सफल होते हैं)।

---

* यह अनुवाद 'वाक्पतिराज की लोकानुभूति' - डॉ० कमलचन्द सोगाणी की पुस्तक (पाण्डुलिपि) से लिया गया है। उनकी यह पुस्तक शीघ्र प्रकाश्य है।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

३. जिनके हृदय काव्यतत्त्व के रसिक होते हैं, उन (व्यक्तियों) के लिए निर्धनता में भी (कई प्रकार के) सुख होते हैं (तथा) वैभव में भी (कई प्रकार के) दुःख होते हैं।

४. लक्ष्मी की थोड़ी मात्रा भी उपभोग की जाती हुई शोभती है तथा सुखी करती है, किन्तु किंचित् भी अपूर्ण देवी सरस्वती (अधूरी विद्या) उपहास करती है।

५. दुर्जनों द्वारा कही हुई निन्दा सज्जनों को लगेगी अथवा नहीं लगेगी (कहा नहीं जा सकता), किन्तु वह (निन्दा) सज्जनों की निन्दा (से उत्पन्न) दोष के कारण उन (दुर्जनों) को (ही) घटित हो जाती है।

६. जिनके लिए असमान (व्यक्तियों) के द्वारा की गई प्रशंसा भी निन्दा के समान होती है, उनके मन को उन (असमान व्यक्तियों) के द्वारा की गई निन्दा भी खिन्न नहीं करती है।

७. अत्यधिक लोग सामान्य मतित्व के कारण उन (सामान्य कवियों) के ग्रहण (सम्मान) में प्रसन्नता पूर्वक (तत्पर रहते हैं)। इसलिए ही सामान्य कवि प्रसिद्धि को प्राप्त हुए।

८. दूसरे का छोटा गुण भी (महान् व्यक्ति को) प्रसन्न करता है, (किन्तु) उसे अपने बड़े गुण में भी संतोष नहीं (होता है)। शील और विवेक का यह, इतना ही सार है।

९. महापुरुषों के गुण सामान्य (व्यक्तियों) में भी प्रकट होते हैं, (किन्तु उनके गुणों द्वारा) सर्व प्रथम उत्तम आत्माएँ ग्रहण की गयी (हैं), जैसे चन्द्रमा की किरणें पहले पर्वत के ऊपर के भाग पर रुकी, (फिर) धरती पर।

१०. (स्व- पर के) कल्याण को सिद्ध करते हुए (मनुष्यों) के लिए समग्र (लोक) ही अधिक कल्याणकारी (हो जाता है)। उनके लिए कुछ इस प्रकार सिद्ध होता है, जिससे वे स्वयं भी आश्चर्य को प्राप्त करते हैं।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

११. (वास्तव में) महिमा में (और) गुणों के फल में (सम्बन्ध है, किन्तु) दुष्ट पुरुष (जो सोचते हैं कि) अगुणों के फल के द्वारा महिमाएँ बन्धी हुई (हैं; वे) गुणों (के अन्दर) से विपरीत उत्पत्ति को चाहते हैं।

१२. जैसे-जैसे इस समय गुण शोभायमान नहीं होंगे तथा जैसे-जैसे (इस समय) दोष फलेंगे, वैसे-वैसे जगत् भी अगुणों के आदर से गुण-शून्य हो जायगा।

१३. आश्चर्य! दुष्ट पुरुष नीच संगति में ही प्रसन्न होते हैं, (यद्यपि) सज्जन (उनके) निकट (होते हैं), वह निश्चय ही (दुर्जनों की) स्वेच्छाचारिता है कि रत्नों के सुलभ होने पर (भी उनके द्वारा) काँच ग्रहण किया जाता है।

१४. व्यवहार से ही मनुष्य के स्वाभाविक रंगरूप को देखो, (उसके) हृदय से क्या? मणियों के भी प्रकाश का उद्भव जो बाहर की ओर से (होता है) वह (उनके) टूटने पर (भीतर से) नहीं (होता है)।

ooo

पाठ ३१ : प्राकृत अभिलेख

६. इस श्रीभिल्लुक (राजा का) और दुर्लभ देवी (रानी) का महान् गुणों से गौरवशाली, शोभायुक्त कक्कुक नामक पुत्र उत्पन्न हुआ।

७. मन्द विकसित मुस्कान वाले, मधुर बोलने वाले, देखने में सौम्य, विनम्र (और) दीनतारहित जिस (कक्कुक) का क्रोध क्षणिक (और) मैत्री स्थिर (रहने वाली थी)।

८. जनता के कार्य (लोकहित) के अलावा (अन्य व्यर्थ के कार्यों में) जिस (राजा) के द्वारा (कभी) न बोला गया, न (कुछ) किया गया, न देखा गया, न याद किया गया, न (कहीं) ठहरा गया (और) न (कहीं) भ्रमण किया गया।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

९. माता की तरह जिस (राजा) के द्वारा अपने राज्य में सुखी, दुखी, निम्न वर्ग तथा श्रेष्ठवर्ग वाली सभी प्रजा सदा सुखपूर्वक धारण (पालन) की गयी।

१०. जिस (राजा) के द्वारा न्यायवर्जित विरोध, विघ्न, रागद्वेष, ईर्ष्या, लोभ आदि के द्वारा कभी भी न्याय निपटाने में भेद-भाव विशेष नहीं किया गया।

११. जिस (राजा) के द्वारा सज्जन लोगों को आदर (देकर) तथा समस्त जनता को संतुष्ट कर अपनी ईर्ष्या से उत्पन्न दुष्ट लोगों के लिए कठोर दण्ड (की व्यवस्था की गयी।

१२ जिस (राजा) के द्वारा धन-ऋद्धि से समृद्ध नागरिकों के लिए भी अपने राजस्व की (आय से) अधिक सैंकड़ों, लाखों (रुपये) बांटे जाते हुए देखा गया है।

१३, नव-यौवन, रूप-प्रसाधन और शृंगार-गुण की अधिकता से युक्त भी जिस (राजा) के द्वारा जनपद के लोगों में (अपने प्रति) निन्दा और निर्लज्जता को नहीं फैलने दिया गया।

१४. (वह कक्कुक राजा) बच्चों के लिए गुरु, युवकों के लिए मित्र तथा वयोवृद्धों के लिए पुत्र के समान (था)। जिसके द्वारा इस प्रकार के सुचरितों से हमेशा सभी जनता का पालन किया गया।

१५. जिस (राजा) के द्वारा नमन करते हुए, सद्गुणों की प्रशंसा करते हुए और मधुर वाणी बोलते हुए (आश्रित) प्रणयीजनों को सदा धन-समूह और सम्मान दिया गया।

१६. मारवाड़, बल्लतमणी से घिरे हुए मध्य गुजरात आदि (देशों) में जिस (कक्कुक राजा) के द्वारा अपने सच्चरित गुणों से जनता के लिए अनुराग उत्पन्न कर दिया गया था।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

१७ पर्वत में आग लगाकर और पल्लियों (बस्तियों) से गोधन लेकर जिसके द्वारा दुर्गम वट नामक मण्डल (प्रदेश) में आतंक उत्पन्न करा दिया गया था।

१८. तथा जिसके द्वारा श्रेष्ठ इच्छुओं (ईख) के पत्तों से आच्छादित यह भूमि नीलकमलों से सुगन्धित और माकन्द एवं मधूक वृक्षों से रमणीक कर दी गयी थी।

१९-२०. वि० सं० ९१८ चैत्र शुक्ला द्वितीया बुधवार को हस्त नक्षत्र में श्री कक्कुक ने अपनी कीर्ति की वृद्धि के लिए रोहन्सकूप नामक ग्राम में महाजनों, विप्र, व्यापारियों आदि सामान्य जनों से व्याप्त बाजार स्थापित किया।

000

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

अपठित प्राकृत गाथाएँ

१. वीरभडपसंसा

णिव्वुब्भइ सोडीरं अप्पडिहत्थलहुओ हसिज्जइ पहरो।
वड्ढइ वेराबंधो अइसंधिज्जन्ति साहसेसु समत्था ॥१॥

ण पडइ पडिए वि सिरे सूलविहिन्ने पि णेअ भिज्जइ हिअअं।
दुप्परिइअं ण लग्गइ लाविज्जन्तं पि पडिभडाण रणभअं ॥२॥

अवहीरणा ण किज्जइ सुमरिज्जइ संसए वि सामिअसुकअं।
ण गणिज्जइ विणिवाओ दट्ठे वि भअम्मि संभरिज्जइ लज्जा ॥३॥

सीडोरेण पआवो छाआ पहरेहि विक्कमेहि परिअणो।
जीएण अ अहिमाणो रक्खिज्जइ अ गरुओ सरीरेण जसो ॥४॥

भिज्जइ उरो ण हिअअं गिरिणा भज्जइ रहो ण उण उच्छाहो।
छिज्जन्ति सिरणिहाआ तुंगा ण उण रणदोहला सुहडाणं ॥५॥

देंइ रसं रिउपहरो वहइ धुरं विक्कमस्स वेराबंधो।
आअड्ढिअरणरहसो दप्पं वड्ढइ आअओ अइभारो ॥६॥

साहेइ रिउं व जसं ण सहइ आआरिअं व कालक्खेवं।
लहइ सुहं मिव णासं जीअं मुअइ समुहं पहरणं व भडो ॥७॥

धारेन्ति जसस्स धुरं एन्तं ण सहन्ति विक्कमस्स पिहवं।
रोसस्स करेन्ति धिइं माणं वड्ढेन्ति साहसस्स समत्था ॥८॥*

---

* रावणवहो (सेतुबन्ध) – प्रवरसेन, निर्णयसागर प्रेस, बम्बई, १९३५ से उद्धृत। गाथानुक्रम आश्वास १३ की गाथा सं० १२, १३,१६, ३५, ३६, ४१, ४२ एवं ४६।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

२. अणहिलवाडयपुर-वण्णणं

अत्थि मही-महिलाए मुहं महंतं मयंक-पडिबिम्बं ।
जंबुद्दीव-छलेण नहलच्छिं दट्ठुमुन्नमियं ॥१॥

तुंगो नासा-वंसो व्व सोहए तियस-पव्वओ जत्थ ।
सीया-सीयोयाओ दीहा दिट्ठीओ व सहन्ति ॥२॥

तत्थारोविय-गुण-धणु-निभं नलाडं व भारहं अत्थि ।
जत्थ विरायइ विउलो वेयड्ढो रयय-पट्टो व्व ॥३॥

जं गंग-सिंधु-सरिया-मुत्तिय-सरियाहि संगयं सहइ ।
तीर-वण-पन्ति-कुन्तल-कुलाव-रेहन्त-पेरन्तं ॥४॥

तत्थत्थि तिलय-तुल्लं अणहिलवाडय-पुरं धण-सुवण्णं ।
पेरन्त-मुत्तयावलिसमो सहइ जत्थ सिय-सालो ॥५॥

गरुओ गुज्जर-देसो नगरागर-गाम-गोउलाइण्णो ।
सुर-लोय-रिद्धि-मय-विजय-पंडिओ मंडिओ जेण ॥६॥

जम्मि निरंतर-सुर-भवण-पडिम-ण्हवणंबु-पूर-सित्त व्व ।
सहला मणोरह-दुमा धम्मिय-लोयस्स जायन्ति ॥७॥

अब्भंलिह-सुर-मंदिर-सिर-विलसिर-कणय-केयण-भुएहिं ।
नच्चइ व जत्थ लच्छी सुट्ठाण-निवेस-हरिस-वसा ॥८॥

जम्मि महापुरिसाणं धण-दाणं निरुवमं निएऊण ।
अजहत्थ-नामओ लज्जिओ व्व दूरं गओ धणओ ॥९॥*

---

* कुमारपालप्रतिबोध (सोमप्रभाचार्य) - प्र० सेन्ट्रल लायब्रेरी, बड़ौदा, १९२०, से उद्धृत । गाथानुक्रम-सर्ग-१ गाथा ३२, ३३, ३४, ३५, ३६, ३७, ३८, ४० एवं ४२ ।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

३. गोविया-विलावो

अहो समाअण्णिअ कण्ण-दूसहं पवास-वत्तं पदएस-केउणो।
गलुग्गलंतस्सु-जलुक्खदक्खरं विओअ-भीआ विलवन्ति गोविआ ॥१॥

अमुद्धअंदम्मि व संभु-मत्थए अकोत्थुहम्मि व्विव विण्हु-वच्छए।
अणंदए णंद-घरम्मि का सिरि हआ हआ हंत वअं व अंगणा ॥२॥

अणन्नणाहा अवि हा विहाअ णे घिणं विणा भत्ति गए विदालुणे।
तहिं जणे लग्गइ संपअं पि जं तमम्मकाणं खु मणं विणिदिअं ॥३॥

किमेत्थ अम्हे कुणिमो गुणुत्तरे जणे पिणद्धं जुवईण माणसं।
ण तीरए चारु-पसूण-सोरहे महीरुहे भिगउलं च कड्ढउं ॥४॥

पहाण-पाणाणि खु णो जणद्दणो स जेण दूरं गमिओ दुरप्पणा।
कअंत-दूओ च्चिअ सो समागओ ण कंस-दूओ त्ति मुणेह गोविआ ॥५॥

गओ स कालो गअ-गामिणी-अणा मणोरहाणं कुणिमो तिलंजलिं।
सुहस्स सव्वस्स वि मूल-कालणं जणो गओ जं जण-लोअणंजणो ॥६॥

इअ-प्पलावं पिअ-विप्पवासअ-प्पआम-सोआउरमंगणा-अणं।
मुउंद-वाआउ स गंदिणी-सुओ समागओ जंपइ किं पि साअरं ॥७॥

अहीरमाहीर-णिअंबिणी-अणा मुहा खु तुम्हे विलवेह वीहलं।
कहं णु वो मुंचइ चंचलेक्खणा खणं पि सो तुम्ह वसंवओ हरी ॥८॥

उसम्मि संमज्जइ साअरम्मि जो स साअमुम्मज्जइ किं ण चंदमो।
अलं विसाएण विलासिणीण वो गअस्स पच्चाअमणं ण दुल्लहं ॥९॥*

---

* कंसवहो (रामपाणिवाद) सं० - ए० एन० उपाध्ये, से उद्धृत। गाथानुक्रम-सर्ग १ गाथा ३५, ३६, ३७, ३८, ३९, ५१, ५५, ५६ एवं ५८।

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

सन्दर्भ ग्रन्थ-सूची

१. हेमशब्दानुशासन : आचार्य हेमचन्द्र, बाम्बे संस्कृत एण्ड प्राकृत सीरीज ६०, १९३६।

२. प्राकृतमार्गोपदेशिका : पं० बेचरदास दोशी, दिल्ली

३. पाइयसद्दमहाण्णव : प्राकृत टेक्स्ट सोसायटी, वाराणसी, १९६३

४. प्राकृत भाषा एवं साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास : डॉ० नेमिचन्द्र शास्त्री, तारा पब्लिकेशन वाराणसी, १९६६

५. आख्यानमणिकोश : सं० - मुनि श्री पुण्यविजय, प्राकृत टेक्स्ट सोसायटी, वाराणसी, १९६२

६. अभयक्खाणयं : सं०- डॉ० के० आर० चन्द्रा, सरस्वती पुस्तक भण्डार अहमदाबाद

७. वज्जलग्गं : सं० - प्रो० एम० वी० पटवर्धन, प्राकृत टेक्स्ट सोसायटी, अहमदाबाद १९६९

८. कुम्मापुत्तचरियं : सं० - के० बी० अभ्यंकर

९. मुणिपइचरियं : सं० - आर० विलियम्स, रॉयल एशियातिक सोसायटी लन्दन, १९५९

१०. प्राकृत गद्य-पद्य-संग्रह भाग-११ : प्र० - गुजरातराज्य शाला पाठ्यपुस्तक मण्डल, अहमदाबाद, १९७९

११. सुरसुन्दरीचरियं : सं० - श्री राजविजय, जैन विविध साहित्य शास्त्रमाला, वाराणसी, १९३६

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

१२. पाइयकहासंगहो : सं० - पं० मानविजय, पं० श्रीकान्तविजय, जैनग्रन्थमाला, सूरत, १९५२

१३. कुवलयमालाकहा : सं० - डॉ० ए० एन० उपाध्ये, सिंघी जैन ग्रन्थमाला बम्बई, १९५९

१४. समणसुत्तं-चयनिका : सं० - डॉ० के० सी० सोगाणी (पाण्डुलिपि), १९८२

१५. प्राकृत कथा संग्रह : सं० - मुनि जिनविजय, गुजरात पुरातत्त्व मंदिर अहमदाबाद, वि० सं० १९७८

१६. पउमचरियं : सं० - हर्मन जैकोबी, मुनि पुण्यविजय, प्राकृत टेक्स्ट सोसायटी, वाराणसी, १९६२

१७. लीलावइकहा : सं० - डॉ० ए० एन० उपाध्ये, सिंघी जैन ग्रन्थमाला, बम्बई, १९६६

१८. वज्जालग्गं में जीवनमूल्य भाग-१ : सं० - डॉ० के० सी० सोगाणी (पाण्डुलिपि), १९८२ प्राकृत भारती जयपुर से प्रकाश्य

१९. गाहासत्तसई : सं० - डॉ० परमानन्द शास्त्री, प्रकाशन प्रतिष्ठान, मेरठ, १९६५

२०. अर्हत्प्रवचन : सं० - पं० चैनसुखदास, आत्मोदय ग्रन्थमाला, जयपुर १९७६

२१. वाक्पतिराज की लोकानुभूति : सं० - डॉ० के० सी० सोगाणी (पाण्डुलिपि), १९८२

२२. रावणवहो : सं० - पं० शिवदत्त, निर्णयसागर प्रेस, बम्बई, १९३५

२३. कुमारपालप्रतिबोध : प्र० - सेन्ट्रल लायब्रेरी, बड़ौदा, १९२०

२४. कंसवहो : सं० - डॉ० ए० एन० उपाध्ये, मोतीलाल बनारसी दास, दिल्ली, १९६६

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

राजस्थान प्राकृत भारती संस्थान, जयपुर

अद्यावधि प्रकाशित ग्रन्थ

१.	कल्पसूत्र सचित्र	: (मूल, हिन्दी एवं अंग्रेजी अनुवाद तथा ३६ बहुरंगी चित्रों सहित) सम्पादक एवं हिन्दी अनुवादक: **महोपाध्याय विनयसागर**; अंग्रेजी अनुवादक: **डॉ० मुकुन्द लाठ**	२००-००
२.	राजस्थान का जैन साहित्य	: (राजस्थानी विद्वानों द्वारा रचित प्राकृत, संस्कृत, अपभ्रंश, राजस्थानी, हिन्दी भाषा के ग्रन्थों पर विविध विद्वानों के वैशिष्ट्य पूर्ण एवं सारगर्भित ३६ लेखों का संग्रह)	३०-००
३.	प्राकृत स्वयं-शिक्षक	: ले० - **डॉ० प्रेमसुमन जैन**	१५-००
४.	आगम-तीर्थ	: (आगमिक प्राकृत गाथाओं का हिन्दी पद्यानुवाद) अनु० - **डॉ० हरिराम आचार्य**	१०-००
५.	स्मरण-कला	: (अवधान कला सम्बन्धित पं० धीरजलाल टो० शाह लिखित गुजराती पुस्तक का हिन्दी अनुवाद) अनु०- **मोहन मुनि शार्दूल**	१५-००
६.	जैनागम दिग्दर्शन	: (४५ जैनागमों का संक्षिप्त परिचय) ले० - **डॉ० मुनि श्री नगराज**	सजिल्द २०-०० सामान्य १६-००
७.	जैन कहानियाँ	: ले०- **उपाध्याय महेन्द्र मुनि**	४-००
८.	जाति-स्मरण ज्ञान	: ले०- **उपाध्याय महेन्द्र मुनि**	३-००
९.	हाफ ए टैल (अर्धकथानक)	: (कवि बनारसीदास रचित स्वात्मकथा अर्धकथानक का अंग्रेजी भाषा में अनुवाद, आलोचनात्मक अध्ययन एवं रेखा चित्रों सहित) सम्पादक एवं अनुवादक: **डॉ० मुकुन्द लाठ**	१५०-००

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org

१०. गणधरवाद	: (पं० दलसुखभाई मालवणिया लिखित गुजराती गणधरवाद का हिन्दी अनुवाद) अनु० प्रो० पृथ्वीराज जैन सम्पादक महोपाध्याय विनयसागर	५०-००
११. जैन इन्सक्रिप्सन ग्रॉफ राजस्थान	: (राजस्थान के प्राचीन ऐतिहासिक एवं वैशिष्ट्य पूर्ण जैन शिलालेखों, मूर्तिलेखों का परिचयात्मक वर्णन) रामवल्लभ सोमानी	७०-००
१२. एग्जेक्ट सायन्स फ्रोम जैन सोर्सेज पार्ट । बेसिक मेथेमेटिक्स	: प्रो० लक्ष्मीचन्द जैन	१५-००
१३. प्राकृत काव्य-मंजरी	: डॉ० प्रेमसुमन जैन	१६-००
१४. महावीर का जीवन सन्देश-युग के सन्दर्भ में	: आचार्य काका कालेलकर	२०-००
१५. जैन पोलिटिकल थोट	: डॉ० जी० सी० पाण्डे	२५-००
१६. स्टडीज् ग्रॉफ जैनिज्म:	डॉ० टी० जी० कलघटगी	३५-००

Jain Educationa International For Personal and Private Use Only www.jainelibrary.org